दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 02 सितम्बर -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 323 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## कोलकाता रेप-मर्डर केस : सड़क पर आमने-सामने भाजपा-टीएमसी


### जांच के लिए अस्पताल पहुंची सीबीआई

**कोलकाता।** कोलकाता में हुए लेडी डॉक्टर रेप और मर्डर केस की जांच कर रही सीबीआई एक बार फिर आरजी कर मेडिकल कॉलेज पहुंची। वहां क्राइम सीन का दौरा करने के साथ ही अस्पताल में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच की गई। कई लोगों से जांच एजेंसी ने पूछताछ की है। इस मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से भी लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन सीबीआई अभी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। यही वजह है कि इस केस में इंसाफ की मांग को लेकर बड़ी संख्या में डॉक्टरों और लोगों का प्रदर्शन जारी है। उधर, रविवार को सत्तारूढ़ दल टीएमसी भी एक बार फिर बड़ा प्रदर्शन कर रही है। टीएमसी की महिला विंग सड़कों पर है। सीबीआई की सुस्त जांच को मुद्दा बनाया जा रहा है। इसी मुद्दे पर धरना हो रहा है। बीजेपी भी हफ्ते भर के धरना प्रदर्शन की सीरीज में आज भी सड़कों पर उतरी है। लगातार तीसरे हफ्ते बीजेपी और टीएमसी सडकों पर हैं।



केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पहले कहा कि प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि इस कांड की वजह से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस्तीफा दे देना चाहिए। वेस्ट बंगाल सरकार ने दोषी बलात्कारियों को मृत्युदंड देने के प्रावधान वाले विधेयक को पेश करने और पारित करने के लिए सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। हालांकि, केंद्र सरकार का कहना है कि इस मामले में कड़े कानून पहले से ही हैं।

## इसलिए केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करते हैं कार्यकर्ताओं के दिलों पर राज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की राजनीति में गाजियाबाद में राजनाथ सिंह और उनके परिवार का एक अलग ही रिश्ता है। खास बात ये है कि रिश्तों की ये डोर दोनों छोर से बराबर संभाली जाती है। ये परिवार गाजियाबाद के भाजपाईयों की हर सुख और दुख की घड़ी में शामिल होता है। गाजियाबाद के भाजपाई भी राजनाथ सिंह और उनके परिवार को एक अलग ही तवज्जों देते हैं। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व पार्षद वरिष्ठ नेता विजय मोहन के इकलौते पुत्र अर्पित का निधन हो गया था। दुख की इस घड़ी में पूरा शहर शोक जताने पहुंचा। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के सुपुत्र नीरज सिंह सूचना मिलते ही शोक जताने गाजियाबाद आये। इसी बीच ये चर्चा थी कि राजनाथ सिंह नहीं आये तो पता चला कि वह विदेश में हैं। लेकिन अपने कार्यकर्ता की अपने खास लोगों की चिंता उन्हें कितनी रहती है इसका भी पता चला। केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जैसे ही विदेश से वापस लौटे, उन्होंने पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय मोहन को फोन मिलाया।



उनके बेटे के निधन पर शोक व्यक्त किया, दुख जताया और फिर विजय मोहन को परिवार के सदस्य की तरह सांत्वना दी। ये वो पल हैं जब ये लगता है कि कोई रिश्तों को आत्मीयता से निभा रहा है। कोई अपना है जो अपनापन दिखा रहा है। यही वो खूबी राजनाथ सिंह की है जो उन्हें गाजियाबाद की राजनीति में एक विशेष स्थान दिलाती है। यही वो खूबी है जो राजनाथ सिंह को माननीय जी का सम्बोधन प्राप्त कराती है। ये वो वजह है कि राजनाथ सिंह क्यों भाजपा कार्यकर्ताओं के दिलों पर राज करते हैं।


## कूड़ा कलेक्शन गाड़ी से दर्दनाक हादसा, बच्ची की हालत गंभीर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कैलाभट्टा क्षेत्र में रविवार की सुबह नगर निगम के कूड़ा कलेक्शन वाहन से एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में कूड़ा गाड़ी के आगे दो बच्चियां आगे आ गई। जिसमें से एक बच्ची को गाड़ीचालक सोनू ने कुचल दिया, बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस मामले में

### निगम अधिकारियों ने सस्पेंड किया गाड़ी चालक

### हादसे का सामने आया दर्दनाक वीडियो


RC STATUS

अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए ड्राइवर सोनू को तत्काल प्रभाव से सेवा मुक्त कर दिया है। वहीं बच्ची का इलाज भी नगर निगम के अधिकारियों की देखरेख में चल रहा है। इस मामले में स्थानीय निवासी एंव पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी ने इंसानियत प्रदर्शित की और गाड़ी हादसे का शिकार हुई बच्ची को गंभीर अवस्था में पास के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका प्राथमिक उपचार भी करवाया गया है।

### नानी के घर आई थी मासूम बच्ची

**करंट क्राइम :** स्थानीय लोगों से जानकारी मिली है कि जब यह कूड़ा कलेक्शन वाली गाड़ी आ रही थी, तो बच्ची घर के बाहर सड़क पर खेल रही थी। एक बच्ची करीबन 21 महीने की थी, उसपर लापरवाह कूड़ा कलेक्शन चालक सोनू ने गाड़ी चढ़ा दी, वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस दौरान स्थानीय निवासी एवं पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी उसे अस्पताल ले गए।

### पुलिस कर रही है जांच, गाड़ी की फिटनेस और पॉल्यूशन पर सवाल

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में जानकारी मिली है कि कैलाभट्टा क्षेत्र में नगर निगम की जो कूड़ा कलेक्शन वाली गाड़ी जा रही थी, उसका फिटनेस सर्टिफिकेट कई साल पहले ही खत्म हो चुका था। वही पॉल्यूशन भी खत्म हुए लगभग 1 साल का समय भी चुका है। साथ ही जिस तरीके से इस पूरे हादसे की सीसीटीवी फुटेज आई है उसमें चालक सोनू की लापरवाही साफ झलक रही है। इस मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने चालक सोनू की लापरवाही पाते हुए उसे तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया है। साथ ही बच्ची के उपचार के लिए भी नगर निगम की टीम मदद कर रही है।

बताए जा रहा है की बच्ची अपनी नानी के यहां आई हुई थी। बच्ची की हालत अभी चिंताजनक बनी हुई है।

## दलित वोटों को साधने के लिए बसपा ने चला विस उपचुनाव में दलित कार्ड

### रवि गौतम को शहर सीट से बनाया उम्मीदवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इसमें कोई दोराय नहीं है कि बसपा दलित वोटों की सबसे बड़ी धारक पार्टी रही है लेकिन अब वोटों की इस नदी में बहुत पानी बह गया है। बसपा का हाथी पन्द्रह वर्ष के लिए पहले ही सूबे की सत्ता से बाहर है और खास बात ये है कि विधानसभा में उसका एक विधायक है और लोकसभा में एक भी सांसद नहीं है। राजनीति में हाशिये



पर जा रहा हाथी अब अपने कैडर वोटों को सहेज कर रखना चाहता है। हाल ही में लोकसभा चुनावों के नतीजे बता रहे हैं कि बसपा का कैडर वोट खिसक रहा है। बसपा केवल चुनाव से आऊट नहीं हुई है बल्कि हाथी कई सीटों पर थर्ड नंबर पर आया है। बसपा क्या रणनीति बना रही है इसका मुलाहिजा रविवार को विजय नगर में हुए बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में हुआ। बसपा ने यहां शहर सीट पर उपचुनाव में अपने उम्मीदवार की घोषणा की और इस घोषणा के साथ ये तय हो गया कि भाजपा अपने कैडर वोटों के डैमेज को मैनेज करने की तैयारी में जुट गई है। बसपा ने यहां दलित कार्ड खेला है और उसने शहर सीट से रवि गौतम को उम्मीदवार बनाया है। रविवार को बसपा सम्मेलन में रवि गौतम की उम्मीदवारी की घोषणा हुई। रवि गौतम युवा शक्ति दल के अध्यक्ष हैं और प्रताप विहार क्षेत्र में रहते हैं। विजय नगर के भीमाबाई पार्क में आयोजित पार्क में ये घोषणा हुई। सियासत के लिहाज से इसे बसपा का डैमेज कंट्रोल गेम माना जा रहा है।

### बसपा का दलित कार्ड बन ना जाये गठबंधन के लिए चुनौती

**करंट क्राइम।** बसपा ने दलित कार्ड खेलकर शहर सीट पर गठबंधन के लिए सीन हार्ड कर दिया है। चुनावी जानकार ये मान रहे हैं कि यदि बसपा का हाथी यहां मजबूती से चुनाव लड़ गया तो गठबंधन के लिए चुनौती पैदा करेगा। शहर सीट पर दलित वोटों का अपना एक गणित है।

समाजवादी पार्टी ने जब विधानसभा चुनाव में जनरल सीट पर दलित कार्ड खेला था तो यहां सपा की साईकिल ने रफ्तार पकड़ ली थी और हाथी का ब्राह्मण महावत उसके सामने पिछड़ गया था। ऐसे में अब जब उम्मीदवार घोषित हो गया है तो यहां चुनौती ही गठबंधन के लिए है। क्योंकि आजाद समाज पार्टी ने यहां जाट उम्मीदवार उतारा है और अभी कांग्रेस सपा गठबंधन का चेहरा आना बाकी है। भाजपा के पत्ते खुलने बाकी हैं। लेकिन सियासत के लिहाज से बसपा का ये दलित कार्ड गठबंधन को चुनौती दे सकता है।

## भूमि पूजन के साथ ही शुरू हुई श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर की तैयारियां







रविवार को विधिवत भूमि पूजन के साथ गाजियाबाद की सबसे भव्य कविनगर रामलीला की तैयारियों का आगाज हुआ। कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल के निमंत्रण पर शहर के संभ्रांत नागरिक पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद अतुल गर्ग एवं शहर के तमाम गणमान्य लोगों ने फावड़ा चलाकर आयोजन की नींव रखी। कार्यक्रम के दौरान आने वाले आयोजन को लेकर तमाम तरह की जानकारियां ललित जायसवाल की ओर से दी गईं। (शेष खबर पृष्ठ 8 पर)

## खूब जमा रंग जब पूर्व सांसद-वर्तमान सांसद मिलकर बैठे एक संग

### जब हुई दोनों में बात तो निकले वर्तमान को लेकर भी दिल के जज्बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नजारा श्रीकृष्ण छठी महोत्सव का है। राजनगर के मंदिर में भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया था। यहां सभी नेताओं का आगमन हो रहा था और एक नजारा ऐसा था जो खगोलीय और भूगोलीय दृष्टि से तो फलक पर दो सितारों के मिलन की याद दिला रहा था और पॉलिटिक्ल दृष्टि से ये बता रहा था कि समय कितनी तेजी से बदलता है और समय के चक्र में कोई पूर्व हो जाता है और कोई वर्तमान हो जाता है। राजनीति के दो भाजपाई सितारे एकसाथ थे। राउंड टेबल पर भाजपा के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और भाजपा के पूर्व लोकसभा सांसद रमेश चंद तोमर एकसाथ मौजूद थे। मौजूदगी यहां एमएलसी दिनेश गोयल की भी थी और इस पूरे नजारे का आई विटनेस करंट क्राइम भी था। लंबे समय के बाद भाजपा की राजनीति के चेहरे एक साथ थे और जब इस लॉन्ग टाईम सिटिंग की बात हुई तो सबने स्माईल तो पास की लेकिन



बातचीत वाला कोई स्टाईल नहीं हुआ। अब जब मिलकर बैठे दो सितारे एक साथ तो होनी चाहिए कुछ बात। लिहाजा यहां करंट क्राइम ने ही बातचीत का सिलसिला बढ़ाया और सांसद अतुल गर्ग से पूछा कि आपके चुनाव में पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर का सहयोग कैसा रहा है। इस पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि रमेश चंद तोमर का सहयोग मेरे चुनाव में बहुत अच्छा रहा है। लेकिन जब सहयोग में मोड धौलाना वाला आया तो मौजूदा सांसद ने बात को ही दूसरी तरफ मोड दिया और इस सवाल के जवाब को छोड़ दिया। फिर बातचीत की दिशा बदली और दिल के जज्बात भी निकले।

### जब गुरू जी ने पूछा उन खास बीस लोगों में क्या रहेगा पवन गोयल का नाम

**करंट क्राइम।** धौलाना का तराना मोड पर छोड़ दिया गया और यहां सीन में कलराज मिश्र के कार्यक्रम की एन्ट्री हुई। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मैंने कलराज मिश्र को निमंत्रण दिया है और वो मेरे आवास पर आयेंगे। मेरे आवास पर इस मौके पर केवल खास बीस लोग ही रहेंगे। ये सुनकर गुरू जी के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

### जब रमेश चंद तोमर ने कहा हम चाहते हैं अतुल गर्ग बने केन्द्र सरकार में मंत्री

करंट क्राइम। बातचीत का सिलसिला चल रहा था और यहां एक्स वाले वर्तमान वालों के साथ रिलैक्स अंदाज में थे। करंट क्राइम ने पूछा कि अब आप पूर्व सांसद और वर्तमान सांसद एक साथ बैठे हैं और आपकी अपने वर्तमान सांसद को लेकर क्या राय है तो यहां पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने कहा कि हम चाहते हैं कि अतुल गर्ग केन्द्र सरकार में मंत्री बने।

### जब अतुल गर्ग बोले मंदिर में बैठा हूं मेरी नहीं है किसी से कोई नाराजगी

करंट क्राइम। जब बात पवन गोयल को बुलाने की चली तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गुरू जी से कहा कि मैं इससे ज्यादा क्या कहूं कि हम धार्मिक कार्यक्रम में आये हैं और मैं मंदिर में बैठा हूं। मैं अब बहुत आगे आ चुका हूं और मेरी किसी से भी कोई नाराजगी नहीं है। किसी भी राजनीतिक बात को लेकर कोई द्वेष नही है। किसी से किसी प्रकार का मतभेद नहीं है।

पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर यानी गुरू जी ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से पूछा कि क्या इन बीस लोगों ने पवन गोयल का भी नाम रहेगा। यह सुनकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गुरू जी जब आपने कहा है तो मैं उन्हें निमंत्रण जरूर भेजूंगा। वो आयेंगे या नहीं आयेंगे, इस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है लेकिन आपने कहा है तो निमंत्रण जरूर भेजा जायेगा।

### जब दिखा अतुल गर्ग का दार्शनिक अंदाज, बोले-पार्टी का दिल से धन्यवाद

करंट क्राइम। पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर ने जब अतुल गर्ग के लिए अपने मन के विचार रखे। उन्होंने कहा कि वो चाहते हैं कि अतुल गर्ग केन्द्र सरकार में मंत्री बने। इतना सुनने के बाद अतुल गर्ग का अंदाज दार्शनिक हो गया और वो विचार करने वाले लहजे में बोले की मुझे पार्टी ने इतना बड़ा सम्मान दिया है कि मैं पार्टी का दिल से धन्यवाद करता हूं। एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने लोकसभा में सांसद के रूप में बैठने का मौका दिया है। मेरे लिए यह सम्मान सर्वोपरि है। मुझे इतना बड़ा सम्मान दियाहै इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं और मैं इसी से संतुष्ट हूं। 2029 तक सांसद के रूप में सेवा करूंगा और मेरे लिए पार्टी सर्वोपरि है मेरे लिए पार्टी का आदेश सर्वोपरि है।

# अगले पांच सालों में खुलेंगे 10 नए आयुष संस्थान, राष्ट्रपति करेंगी संस्थान का दौरा

● आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और इसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने में मदद भी मिल रही है।



**नई दिल्ली।** केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जाधव ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में देश के अलग अलग हिस्सों में दस नए आयुष संस्थान शुरू किए जाएंगे। चरणबद्ध तरीके से शुरू किए जाने वाले इस संस्थाओं की पूरी रूप रेखा तैयार की जा चुकी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस संस्थान की अपनी पहचान ही है कि देश की राष्ट्रपति भी इस संस्थान का दौरा करना चाहती हैं।

संस्थान में निरीक्षण करते हुए मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने के प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रयास को पूरा करने में लगी हुई है। वर्तमान में योग और आयुर्वेद के प्रति धारणा में वैश्विक बदलाव आया है और इनकी स्वीकार्यता तेजी से बढ़ रही है। यही वजह है कि देश में दुनिया के सबसे ज्यादा आयुष संस्थान खोले जाने का फैसला लिया गया है।

इस दौरान संस्थान की निदेशक प्रो. तनुजा नेसारी ने कहा कि आयुर्वेद को बढ़ावा देने में केंद्र सरकार बहुत सहयोग कर रही है। इस वजह से उनका संस्थान दुनिया भर के मरीजों में न सिर्फ इस पद्धति बल्कि बेहतर चिकित्सा के लिए जाना जा रहा है। इन दशाओं में आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और इसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने में मदद भी मिल रही है।

इस दौरान कार्यक्रम में आयुष विभाग के उप महानिदेशक सत्यपाल, डीन पीएचडी प्रोफेसर महेश व्यास, चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर आनंद रमन शर्मा, अपर चिकित्सा अधीक्षक योगेश बडवे सहित विभिन्न अधिकारी, चिकत्सक और कर्मचारी शामिल थे।

# रेल मंत्री ने दिखाया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का मॉडल

## 3 महीने में लॉन्च होगी, अश्विनी वैष्णव बोले- किराया राजधानी जितना होगा




**बेंगलुरु।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार (1 सितंबर) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (इएटछ) की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मैन्युफैक्चरिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह इएटछ फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी।

रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200किमी दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री करीब रात 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे। यह ट्रेन मिडिल क्लास के लिए बनाई गई है। इसका किराया राजधानी के जितना ही होगा।

अश्विनी वैष्णव ने दावा किया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की गिनती दुनिया की बेहतरीन ट्रेनों में होगी। ट्रेन के कोच और टॉयलेट को अपग्रेड किया गया है। ट्रेन में कई सेफ्टी फीचर्स हैं। मेंटेनेंस स्टाफ के लिए एक अलग केबिन बनाया गया है।

### रेल मंत्री बोले- दुनिया की बेहतरीन ट्रेनों में गिनती होगी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ट्रेन में कपलर मैकेनिज्म की नई टेक्नोलॉजी लाई गई है। इससे ट्रेन का वेट कम होता है और स्ट्रेंथ बढ़ती है। कपलर दो कोच को जोड़ने वाला हिस्सा होता है। यह ऑस्टेनिटिक स्टील से बना होता है। रेल मंत्री के मुताबिक, ट्रेन को बनाते समय वेट बैलेंस और स्टेबिलिटी का ध्यान रखा गया है। व्हील और ट्रैक के बीच का मैकेनिकल हिस्सा खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इससे ट्रेन के अंदर वाइब्रेशन और आवाज कम आएगी।

### लंबी दूरी की यात्रा का समय कम होने की उम्मीद

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की लॉन्चिंग के साथ भारतीय रेलवे का लक्ष्य लंबी दूरी की यात्रा का समय कम करना है। खासकर दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता जैसे लंबे रूट पर यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। हालांकि, ट्रेन किस रूट पर चलेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया है।

# पंकज सिंह की विधायक निधि 32.34 लाख रुपये की लागत से कई कॉलोनियों में विकास कार्य शुरू

## स्थानीय लोगों ने नारियल तोड़कर किया शिलान्यास



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा के ग्राम-चिपियाना खुर्द, तिगड़ी एवं सरस्वती कुंज तिगड़ी में रविवार को विधायक नोएडा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश पंकज सिंह की विधायक निधि से लगभग 32.34 लाख रु. की लागत से 3 इंटरलॉकिंग सड़क/ नाली का कार्य शुरू हो गया है। पंकज सिंह के कार्यालय के निर्देशानुसार स्थानीय लोगों ने नारियल तोड़कर कार्य का शिलान्यास किया। लोगों ने अपने विधायक का धन्यवाद किया। इन कालोनियों में लोगों को सड़क व नाली की दिक्कतें थीं। इन कार्यों से स्थानीय लोगों को आवागमन के लिए सुगमता होगी। नोएडा की कई ऐसे कॉलोनियां हैं जैसे चोटपुर, छिजारसी, युसुफपुर चक्शाहबेरी, तिगड़ी, सोरखा कॉलोनी, हल्द्वौनी कॉलोनी, जलपुरा कॉलोनी आदि जहां नोएडा प्राधिकरण कोई विकास कार्य नहीं करता।

इन कॉलोनियों में पूर्व में भी विधायक निधि से कई सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा विधायक निधि से अन्य कार्यों के प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजे गए हैं, जिनको भी जल्द से जल्द शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान अनिल सिंह, जिला मंत्री राजकुमार झा, बबलू यादव, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, मदन राय, गौतम शर्मा, रामदास कुशवाहा, रवि यादव, महेश मिश्रा, राजेश शर्मा, राहुल आदि लोग मौजूद थे।




# पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर किए गिरफ्तार, भेजा जेल



**लोनी, करंट क्राइम।** टीला मोड थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान वाहन चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। चोरों से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों चोरों को वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम कोयल एनक्लेव सोसायटी के सामने वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान दो बाइक पर सवार दो व्यक्ति आए पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने मुस्तैदी के साथ कुछ ही दूर पर दोनों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में उनके पास दोनों बाइकें चोरी की निकलीं। कड़ी पूछताछ में चोरों ने बताया कि वह वाहन चोरी का काम करते हैं। यह दोनों मोटर साइकिलें हर्ष विहार तथा दिल्ली पुराना बस अड्डा से चोरी की गई हैं। चोरों ने अपने नाम शिवम व रवि निवासी गगन बिहार टीला मोड बताया। पुलिस ने दोनों चोरों को जेल भेज दिया है।

# विकास कार्यों को लेकर सांसद अतुल गर्ग को दिया शिकायत पत्र



**लोनी, करंट क्राइम।** यूपीएसआईडीए द्वारा सेक्टर सी 1 टोनिका सिटी के विकास कार्य करने को लेकर कॉलोनी वासियों ने रविवार को गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग को शिकायती पत्र दिया था जिसमें कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया था। ज्ञात हो कि यहां सेक्टर सी 1 अंसल सोसायटी में सन 2002 से आज तक किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं कराया गया है। सड़कें सीवर जल निकासी पीने का पानी जैसी मूलभूत समस्याओं से कॉलोनी के निवासी जूझ रहे हैं। गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग ने कॉलोनीवासियों की समस्या को ध्यान से सुना तथा आवेदन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी को यहां की समस्याओं से अवगत कराते हुए तुरंत समाधान करने को लेकर पत्र लिखा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी 'ए' व उप महाप्रबंधक सिविल सीडी 3 एवं परियोजना अधिकारी टीडीएस सिटी को समस्या के तुरंत समाधान के लिए निर्देशित किया। सांसद के अथक प्रयास से कॉलोनी वासी गदगद हैं और कॉलोनी के विकास को लेकर आश्वस्त हैं। कॉलोनी वासियों ने बैठक कर सांसद का हृदय से आभार व्यक्त किया। बैठक हरिओम गुप्ता के निवास पर हुई जिसमें आशुतोष शर्मा, विवेक भटनागर, राकेश कुमार, जयराज गर्ग, केपी शर्मा, अरुण कुमार, रविंद्र जायसवाल, जीएस तिवारी, संजय सिंह, केपी शर्मा, मास्टर भूपेंद्र आदि ने भाग लिया।

# वार्ड 80 में सदस्यता महाअभियान को लेकर पार्षद राहुल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता महाअभियान में लाखों सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने 9 बूथों पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है। पार्षद राहुल शर्मा ने कहा कि रविवार को वार्ड 80 में 8 बूथ पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम के तहत 02 सितम्बर से 30 अक्टूबर 2024 तक सदस्यता महाअभियान कार्यक्रम करना तय हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि 2 सितंबर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक नितिन बंसल, वार्ड अध्यक्ष प्रेम भारद्वाज, बूथों अध्यक्ष संजय शर्मा, हरिओम मित्तल, सविता शर्मा, सरबजन सिंह, आरके सिंह, डीके शर्मा, कृष्ण गोपाल, शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूल की कक्षा 5 की छात्रा ने अमेरिकी डांस प्रतियोगिता में सर्टिफिकेट व स्मार्ट वॉच जीती



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल डांस धमाका इवेंट किया गया। गाजियाबाद मुरादनगर के प्राथमिक विद्यालय अबूपुर 2 की कक्षा 5 की छात्रा छवि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छवि की डांस वीडियो मेल के माध्यम से अमेरिका भेजी गई। रिजल्ट की घोषणा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर की गई। छवि ने छठा स्थान प्राप्त किया। सूचना मेल के माध्यम से ओम वर्मा ने दी। छवि के लिए गिफ्ट के रूप में अमेरिका से ऑनलाइन सर्टिफिकेट एवं स्मार्ट वॉच भेजी गई है। पीटीएम के अवसर पर छवि को सर्टिफिकेट एवं स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान एवं सभी अभिभावकों ने छवि को शुभकामनाएं दीं एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# गाजियाबाद से लापता युवक 9 साल बाद मिला

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने 9 साल पहले लापता हुए एक शख्स को ढूंढ निकाला। वो शाहजहांपुर जिले की बिस्किट फैक्ट्री में काम कर रहा था। आर्थिक तंगी और पत्नी से झगड़ा होने पर घर से चला गया था। अब उसने फेसबुक पर डांस करते हुए एक वीडियो डाली, जिससे वो पहचाना गया। लोनी क्षेत्र के ग्राम सकलपुरा निवासी राकेश कुमार 9 साल पहले लापता हो गया था। 13 सितंबर 2015 को परिजनों ने थाना लोनी पर उसकी मिसिंग कंप्लेंट दर्ज कराई थी। पुलिस और परिजनों ने राकेश को ढूंढने के प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद राकेश की खोजबीन बंद कर दी गई। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया- पिछले दिनों राकेश का भाई थाने पर आया। उसने पुलिस को फेसबुक पर अपलोड एक वीडियो दिखाई। इसमें एक शख्स डांस कर रहा था। भाई ने कहा कि फेसबुक आईडी राज सिंह नाम से है, लेकिन डांस करने वाला शख्स उसके भाई जैसा दिख रहा है। पुलिस ने प्रयास करके राज सिंह का कॉन्टेक्ट नंबर निकाल लिया।

# इंदिरापुरम में भारतीय सेना के लिए लगा रक्तदान शिविर : 62 यूनिट ब्लड हुआ जमा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय सेना के लिए ब्लड डोनेशन कैंप अपने वार्ड की ऋषभ प्लैटिनम सोसायटी में ट्रांस हिंडन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा लगाया गया। जिसका का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद डॉ अनिल तोमर में किया। पार्षद डॉ अनील तोमर ने कहा कि यह पहली बार है कि वार्ड 98 में रक्तदान शिविर 100% सफल रहा है। रविवार को हमने 62 यूनिट रक्त एकत्रित कर भारतीय सेना की टीम की ओर से शिविर प्रभारी को सौंप दिया है। वही आरडब्ल्यूए के प्रयासों और सेक्टरवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के कारण इस रक्तदान शिविर को सफल बनाना संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आज यह बहुत ही सुखद अनुभव रहा है कि सभी वार्डवासियों ने भारतीय सेना के लिए इस रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन अवसर पर डॉ लीना तोमर, राजेश विनायक, डॉक्टर वर्मा, प्रदीप गुप्ता, संजीव ढाका आदि लोग मौजूद रहे।

# अगर कांग्रेस ने मौका दिया तो भाजपा को हराऊंगा : नसीम खान



● समर्थन में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी साथ रहे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान ने रविवार को गाजियाबाद शहर विधानसभा उप चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में आए हुए सांसद तनुज पुनिया के समक्ष अपने सैकड़ों साथियों सहित पूरे दल-बल के साथ विधानसभा उम्मीदवारी के लिए आवेदन पत्र सौंपा। नसीम खान के साथ समर्थन में गाजियाबाद युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और अल्पसंख्यक कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। नसीम खान ने कहा कि अगर पार्टी मुझे मौका देगी तो मैं निश्चित ही भाजपा को हराने का काम करूंगा। नसीम खान के साथ मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस कपिल यादव, महानगर अध्यक्ष युवा कांग्रेस शादाब अब्बासी, अल्पसंख्यक युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वली हसन साहब, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्ण गौतम, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस इमरान मलिक, प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस मोहित गौड़, पीसीसी सदस्य अहसान अली, निमित शर्मा, रजत चौधरी, हाजी मुबीन, हाजी खुर्शीद, संजय कटारिया, साहिल अब्बासी, आशिफ रंगरेज, सलमान अब्बासी, प्रकाश पंडित, मुकेश पंडित, हरी ओम जाटव, मौलाना वहाब, मुफ्ती सुलेमान साहब आदि शामिल रहे।

# चार हड्डी फैक्टरियां सील कीं

**लोनी, करंट क्राइम।** प्रशासन ने अवैध रूप से घरों में चल रहीं हड्डी फैक्टरियों को सील किया है। हड्डी फैक्टरियों में देवी-देवताओं की मूर्ति बनाने की सूचना थी, लेकिन वह फर्जी पाई गई। एसडीएम लोनी राजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि रविवार को कुछ लोगों ने बताया कि गौरी पटटी, टोली मौहल्ला तथा मुस्तफाबाद आदि कॉलोनियों में कुछ लोग घरों में पशुओं की हड्डियों से मोती माला के साथ-साथ देवी-देवताओं की मूर्ति भी बना रहे हैं। मौके पर पुलिस के साथ जांच की गई तो चार स्थानों पर हड्डी से मोती माला जैसी वस्तुएं बनती मिलीं। जबकि देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाने की सूचना फर्जी निकली। रिहायशी इलाके में अवैध रूप से चल रहीं चार फैक्टरियों को सील कर दिया गया है। जबकि उनसे बरामद हड्डियों को गड्ढा खुदवाकर दबा दिया गया है।

# श्रीकृष्ण के छठी उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक सुरेश कश्यप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शिब्बनपुरा, पटेल नगर व शालीमार गार्डन में श्रीकृष्ण के छठी उत्सव पर पूर्व विधायक सुरेश कश्यप ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित धार्मिक जानकारियां दीं। पूर्व विधायक सुरेश कश्यप द्वारा विधिवत रूप से श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेश कश्यप ने भगवान श्रीकृष्ण जी से संबंधित धार्मिक जानकारियां यहां पर उपस्थित समस्त क्षेत्रवासियों एवं कॉलोनीवासियों के साथ साझा कीं। श्रीकृष्ण के दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए निवेदन किया।

# उद्धव ठाकरे के खिलाफ दायर की याचिका खारिज, बॉम्बे हाईकोर्ट ने युवक पर लगाया दो लाख का जुमार्ना



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ निरर्थक याचिका दायर करने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक युवक पर दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने युवक को जुमार्ने की रकम डिमांड ड्रॉफ्ट के तौर पर उद्धव ठाकरे को व्यक्तिगत रूप से सौंपने के निर्देश दिए।

बंजारा समुदाय के मोहन चव्हाण ने पिछले दिनों बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिका दायर की थी। याचिका में चव्हाण ने दावा किया था कि उनके महंत (पुजारी) एक समारोह के लिए ठाकरे के आवास पर गए थे। इस दौरान पुजारी ने शिव सेना (यूबीटी) नेता को प्रसाद के साथ-साथ पवित्र राख (विभूति) दी थी। आरोप था कि ठाकरे ने पवित्र राख को अपने माथे पर लगाने के बजाय इसे अपने बगल में खड़े दूसरे व्यक्ति को दे दिया। इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं हैं।

मामले में चव्हाण ने नांदेड़ में मजिस्ट्रेट अदालत में ठाकरे के खिलाफ एक निजी शिकायत दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एक सत्र अदालत में भी अपील की थी। सत्र न्यायालय ने जब मामले में राहत देने से इन्कार कर दिया तो चव्हाण ने उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एस जी महरे ने 29 अगस्त के आदेश में कहा कि कानून की कम जानकारी रखने वाला व्यक्ति भी कहेगा कि यह कानून दुरुपयोग या प्रसिद्ध और सेलिब्रिटी बनने के लिए न्यायिक प्रणाली का उपयोग करना है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी याचिकाएं समाज के सम्मानित सदस्यों की छवि को खराब करती हैं। ऐसी याचिकाएं गलत मकसद से दायर की जाती हैं। याचिका में कहा गया है कि ठाकरे के खिलाफ लगाए गए आरोप मूल रूप से बिना किसी आधार के प्रतीत होते हैं। पीठ ने चव्हाण को याचिका वापस लेने की अनुमति दी और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने पर जुमार्ना लगाया। कोर्ट ने युवक को दो लाख रुपये का जुमार्ना तीन सप्ताह के भीतर ठाकरे को देना होगा। कोर्ट ने रकम का भुगतान नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। सोमवार 02 सितम्बर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## भाजपा सदस्यता अभियान 2024

# गाजियाबाद में बनाए जाएंगे 5 लाख से ज्यादा सदस्य : संजीव शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। फिर भी वो अपने संगठन और संख्या बल को बढ़ाने पर जोर दे रही है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी 02 सितंबर यानी आज से देशव्यापी सदस्यता अभियान शुरू कर रही है। जिसके तहत भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक बूथ से लेकर लोकसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पार्टी से नए लोगों को जोड़ने का काम करेगी। इस दौरान पार्टी सदस्यता अभियान में प्रारंभिक सदस्यों से लेकर सक्रिय सदस्यों के लिए अभियान चलाकर उनमें जागरूकता और पार्टी से जोड़ने का काम होगा। इसके लिए बाकायदा राष्ट्रीय स्तर पर एक मिस कॉल नंबर 8800002024 रखा गया है। इस पर जो भी व्यक्ति मिस कॉल करेगा वह प्राथमिक सदस्य बन जाएगा। इसके बाद मिस कॉल वाले नंबर पर एक लिंक जाएगा, जिसको पूरा भरना होगा और फिर वह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से प्रारंभिक तौर पर जुड़ जाएगा। फिर इसे प्राथमिक सदस्यता के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा और सत्यापन करने के बाद और जो टास्क दिया जाएगा उसे पूरा करने के बाद वह सक्रिय सदस्य वाली श्रेणी में शामिल हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद में आज से शुरू हो रहे हैं सदस्यता अभियान को लेकर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से बातचीत की। जिसमें भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने दावा किया है कि गाजियाबाद में सदस्यता अभियान के तहत 5 लाख से अधिक सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे आसानी से हासिल कर लिया जाएगा। वहीं पार्टी और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों की भी पूरी कोशिश रहेगी की सदस्यता अभियान की इस संख्या को 5 लाख से अधिक संख्या में ले जाया जाए। उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि वैसे तो अभी संगठन की ओर से जिला, प्रदेश और राष्ट्र स्तर पर सदस्यों की संख्या को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है, पर उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में 70 लाख कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही बातचीत में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा है की सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी बूथ लेवल से लेकर अलग-अलग प्रकोष्ठ, विभाग, मोर्चों और मंडल से लेकर विधानसभा वार अभियान चलाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी की 5 सितंबर को गाजियाबाद में इस अभियान का लांचिंग कार्यक्रम होगा। जिसमें भाजपा के कई शीर्ष नेता भी शामिल हो सकते हैं। **भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा** से हुई **दीपक भाटी समाचार दैनिक करंट क्राइम** की बातचीत के प्रमुख अंश प्रस्तुत हैं।

करंट क्राइम
साक्षात्कार

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने कहा सांसद, विधायक, मेयर, ब्लॉक-प्रमुख, महानगर पदाधिकारी और पार्षद व सभासद की रहेगी भागीदारी

***भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी सदस्यता अभियान शुरु हो रहा है। इसके लिए क्या तैयारी की गई हैं, कैसे आयोजन होगा।***

भारतीय जनता पार्टी 2 सितंबर यानि आज सोमवार से देशव्यापी सदस्यता अभियान जिसके तहत सदस्यता मुख्य फोकस रहेगी शुरू किया जा रहा है। 5 तारीख को गाजियाबाद में इसकी लांचिंग होगी, इस दौरान प्रकोष्ठ, विभाग और मोर्चाओं की बैठक की गई है। बैठक में लगभग 50 विभाग, प्रकोष्ठ और अन्य कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है। जिसमें 43 उपस्थित रहे। सभी प्रकोष्ठ, विभाग और मोर्चों को जानकारी दे दी गई है कि किस तरीके से यह अभियान आगे बढ़ेगा और क्या-क्या रूप रेखा आगे के लिए बना ली गई है।

***इतना बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। इसमें किस-किस वर्ग को फोकस किया जाएगा।***

देखिए यह देशव्यापी अभियान है। इसमें विधि प्रकोष्ठ से लेकर लघु उद्योग, व्यापार मंडल, शिक्षाविद, समाजसेवी, आईटी सेल, सोशल मीडिया सेल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा सहित अन्य सभी प्रकोष्ठ और पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने का काम करने वालों को शामिल किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा जा सके। उनको प्रारंभिक और प्राथमिक सदस्य बनाया जा सके। यह पूरा अभियान आज 02 सितंबर से शुरू हो रहा है।

***सक्रिय सदस्यता कैसे हासिल की जाएगी और किस तरीके से इसकी पूरी मॉनिटरिंग होगी। यह एक बड़ा अभियान है।***

देखिए जो व्यक्ति बूथ स्तर पर मेहनत से काम कर लेगा और जिसके पास 100 सदस्यों की संपूर्ण डिटेल होगी, उसे सक्रिय सदस्यता में जोड़ा जाएगा। इसके लिए सबसे पहले हम जोड़ने वाले सदस्यों की छवि और अपराधी इतिहास के बारे में जानकारी करेंगे। साथ ही जो हमारा सत्यापन अधिकारी होगा, वह अपनी पूरी रिपोर्ट भी भेजेगा। इसके बाद नमो ऐप पर 100 रुपये का वेरिफिकेशन के बाद उसे सक्रिय सदस्यता वाली श्रेणी में शामिल किया जाएगा।






***पार्टी में प्रारंभिक और सक्रिय सदस्यों की संख्या को बढ़ाने के लिए किस-किस को जिम्मेदारी दी गई है।***

यह भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी अभियान है। इसमें प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग लिया जाएगा। खासतौर पर किसी भी सांसद को 20000 सदस्य बनवाने होंगे। इसके साथ ही महापौर के लिए भी यही संख्या रहेगी। वहीं विधानसभा के विधायकों को 10000 सदस्यों को पार्टी से जोड़ना है। इसके साथ ही ब्लॉक-प्रमुख के लिए यह संख्या बल 5000, महानगर के पदाधिकारियों के लिए यह संख्या बल 1000 और पार्षदों के लिए भी 1000 इसके साथ सभासदों के लिए यह संख्या बल 500 रखा गया है।

***सत्यापन अधिकारी इसमें क्या-क्या जांच करेंगे।***

क्योंकि यह एक बड़ा सदस्यता अभियान है। बड़ी संख्या में इसमें लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ेंगे, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी जुटाना और उसका नाम, पता, नंबर फोन, परिवार जनों की संख्या, मंडल स्तर से क्रॉस चेक कर कर ली जाएगी। साथ ही सत्यापन अधिकारी भी पूरी जिम्मेदारी के साथ इसमें अपनी भूमिका निभाएंगे।

***यह पूरा सदस्यता अभियान कब से कब तक चलेगा।***

सदस्यता अभियान पहले चरण में दो सितंबर से 25 तक प्रारंभिक सदस्यों के लिए चलेगा। साथ ही फिर इसे एक से 15 अक्टूबर से दोबारा शुरू किया जाएगा। इसके बाद पार्टी फिर 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता वाला अभियान शुरू करेगी ,जिसको आगे बढ़ाया जाएगा।

***इस अभियान में जो सदस्य रुचि नहीं लेंगे या लापरवाही बरतेंगे, उनको लेकर क्या एक्शन दिया जाएगा।***

देखिए भारतीय जनता पार्टी सभी अभियान को लेकर पूरी व्यवस्था और तैयारी के साथ मैदान में उतरती है। साथ ही जो लोग इस दौरान रुचि नहीं लेंगे, सदस्यता को लेकर गंभीरता नहीं दिखाएंगे ,उनकी रिपोर्ट तैयार कर संगठन और प्रदेश पदाधिकारियों को भेजी जाएगी। ऐसे लोगों पर एक्शन भी अवश्य लिया जाएगा। पार्टी इस अभियान को लेकर कोई लापरवाही भी नहीं सहेगी।

***5 तारीख को गाजियाबाद में भी सदस्यता अभियान की लॉन्चिंग है, क्या तैयारी रहेगी।***

सदस्यता अभियान की शुरूआत आज से ही हो रही है। इसको 5 सितंबर को गाजियाबाद में लॉन्च किया जाएगा। उसके लिए पूरी व्यवस्था की गई है। पूरा अभियान गर्म जोशी से चले और सदस्यता अभियान में हजारों लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। पार्टी को मजबूत बनाने का काम होगा। इसके लिए बूथ स्तर तक तैयारी कर ली गई है।

**सदस्यता अभियान में कोई कैसे जुड़ सकता है और क्या कोई शुल्क या वेरिफिकेशन भी होगा।**

पार्टी द्वारा नंबर जारी किया गया है 880002024 इस पर कोई भी व्यक्ति मिस कॉल करेगा ,तो उसको एक लिंक मिलेगा। उस लिंक को पूरा भरने के बाद और बूथ स्तर पर सत्यापन होने के बाद वह प्राथमिक सदस्य बन जाएगा। कोशिश रहेगी कि इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए और वह चेहरे भारतीय जनता पार्टी के साथ आए जो अलग दिशा दें सकें।

## प्रारंभिक और सक्रिय सदस्यता को लेकर चलेगा लंबा अभियान
## आज से देशभर में शुरू हो रहा है भाजपा का सदस्यता अभियान

**आप पार्टी के महानगर अध्यक्ष हैं। गाजियाबाद को लेकर क्या लक्ष्य रखा गया है सदस्यता को लेकर।**

ऊपर से ऐसा कोई निर्देश नहीं आया है। जिसमें किसी संख्या बल पर जोर दिया गया हो लेकिन हमारी कोशिश है कि गाजियाबाद सदस्यता अभियान में 5 लाख से अधिक के आंकड़े को पार करें। यह आंकड़ा 07 और 10 लाख तक भी छू सकता है। इसके लिए बाकायदा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को उसमें शामिल किया जाएगा। मोर्चे से लेकर प्रकोष्ठ और विभाग के लोग भी इसमें सहयोगी भूमिका में रहेंगे। बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर पर इसमें कार्य किया जाएगा। उम्मीद है कि यह एक सफल सदस्यता अभियान साबित होगा। वहीं हमने प्रत्येक बूथ पर लगभग 200 लोगों को जोड़ने का प्लान भी बना लिया गया है। गाजियाबाद के अंतर्गत कुल 2100 के आसपास बूथ हैं जिसमें से 2000 बूथों को हम अधिक फोकस कर रहे हैं।

---

## 'जातिवादी व्यवस्था पर कसा पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने तंज'


# अवैधानिक मंसूबों को पूरा करने के लिए देश को 1947 में ले जाने की अनुमति किसी को नहीं दी जानी चाहिए!!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संत कबीरदास ने कहा है कि

***जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान,***
***मोल करो तलवार का पड़ा रहन दो म्यान।***

व्यक्ति में क्या प्रतिभा है? क्या हुनर है? उसकी क्या क्षमताएं हैं ?क्या योग्यता है? क्या सामर्थ्य है? उसे जानो उसकी जाति न पूछो ! जाति तो उसका बाह्य आवरण है। वह तो व्यक्ति के साथ है ही और वह भी मूल्य रहित है। लेकिन वर्तमान समय में राजनीति में अचानक जातियों का बोलबाला बढ़ गया है। हर व्यक्ति की जाति पूछी जा रही है। पत्रकारों से जाति पूछी जाति है। अफसर से जाति पूछी जा रही है। बजट बनाने के समय हलवा सेरेमनी में शामिल लोगों की जाति पूछी जा रही है। खेल खिलाड़ियों की जाति पूछी जा रही है। अब तो विश्व सुंदरी की भी जाति पूछी जा रही है।

जो काम 1947में होना चाहिए था आज क्यों हो रहा है। क्या 1947 से लेकर 2024 तक शासन की बागडोर संभालने वाले सभी अज्ञानी थे ( हैं )। क्या अब तक आजादी के 75साल में देश को जिस राह पर चलाया गया , वह राह गलत थी। देश ने 75वर्षो में जिस दिशा में बढ़ गया वह सही नही है। क्या समय को 180 डिग्री पर वापिस लौटाने के प्रयास किए जा रहे हैं? अब तक की यात्रा को गलत घोषित किए बिना वापिस करने का कोई अधिकार नहीं है। ये लोकतंत्र है। इसमें सवाल पूछने का अधिकार सब के पास है। ये बताए बिना कि क्या अभी तक जिन्हें आरक्षण मिला वह गलत था। उन्होंने इस काल खंड में जो यात्रा पूरी की क्या उससे उसे वापिस लिया जायेगा? क्या कुछ और जातियों को आरक्षण में शामिल किया जाएगा? क्या कुछ जातियों को आरक्षण में से निकाला भी जायेगा? क्या आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाया जाएगा? या यह सीमा पूरी तरह समाप्त की जायेगी? या सभी जातियों को उनकी संख्या के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा? क्या प्रतिभा का कोई सम्मान होगा या केवल जाति के आधार पर ही सारी व्यवस्थाएं चलेंगी? ये भी बताना पड़ेगा कि समाज के जिन वर्गो को अभी तक लाभ नहीं मिला है उन्हें लाभ देने के लिए कृमिलेयर लागू करने का विरोध का क्या औचित्य है? अगर 1947 में सारे निर्णय जातियों के आधार पर होते , योग्यता का कोई महत्व न होता तो संविधान बनाने का महत्वपूर्ण काम उस समय के परम विद्वान कानून के ज्ञाता बाबा साहेब को कोई नहीं देता।



**वर्तमान समय में राजनीति में अचानक जातियों का बोलबाला बढ़ गया है। हर व्यक्ति की जाति पूछी जा रही है। पत्रकारों से जाति पूछी जाति है। अफसर से जाति पूछी जा रही है। बजट बनाने के समय हलवा सेरेमनी में शामिल लोगों की जाति पूछी जा रही है। खेल खिलाड़ियों की जाति पूछी जा रही है। अब तो विश्व सुंदरी की भी जाति पूछी जा रही है।**
**ये गांधी, गौतम का देश है। ये नानक, रैदास, कबीर, स्वामी दयानंद , राजाराम मोहन राय,अंबेडकर का देश है। इसके महापुरुषों ने समाज को जातियों में बांटने के लिए नहीं, जातियों को तोड़कर एक सूत्र में पिरोने के प्रयास किए हैं। देश और समाज की एकता को मजबूत करने के लिए उनके मतभेद भुलाकर एक सूत्र में बांधने के प्रयास किए हैं। समाज के उन सूत्रों को खोजकर जो समाज को परस्पर जोड़ने के सूत्र हैं उन्हें बढ़ाया है।**

ये गांधी, गौतम का देश है। ये नानक, रैदास, कबीर, स्वामी दयानंद , राजाराम मोहन राय,अंबेडकर का देश है। इसके महापुरुषों ने समाज को जातियों में बांटने के लिए नहीं, जातियों को तोड़कर एक सूत्र में पिरोने के प्रयास किए हैं। देश और समाज की एकता को मजबूत करने के लिए उनके मतभेद भुलाकर एक सूत्र में बांधने के प्रयास किए हैं। समाज के उन सूत्रों को खोजकर जो समाज को परस्पर जोड़ने के सूत्र हैं उन्हें बढ़ाया है।

देश में लोकतंत्र है । आप लोगों के सवालों के उत्तर दिए बिना अब तक की सारी यात्रा को मटियामेट नहीं कर सकते। आप देश को अंधी गली में नहीं धकेल सकते हैं। किसी एक व्यक्ति की सनक के लिए या किसी को सत्ता पर काबिज होने के अवैधानिक मंसूबों को पूरा करने के लिए देश को 1947 में ले जाने की अनुमति किसी को नहीं दी जानी चाहिए !!

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सुपुत्र युवा भाजपा नेता नीरज सिंह से उनके आवास पर पहुंच कर मुलाकात की। इस दौरान नीरज सिंह ने धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया।

## संपादकीय

# हर भर्ती में भीड़

सरकारी नौकरी के प्रति लगाव का बढ़ते जाना जहां स्वाभाविक है, वहीं विचारणीय भी है। देश में अगर कहीं भी कोई सरकारी भर्ती निकल रही है, तो वहां युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ रहा है। ताजा मिसाल, उत्तर प्रदेश से जुडे.आंकडे.हैं। उत्तर प्रदेश में करीब 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती होनी है, पर उसके लिए 48 लाख से भी अधिक प्रार्थियों ने आवेदन कर रखा है। मोटे अनुमान के अनुसार, 80 में से मात्र एक को नौकरी नसीब होगी। फिर भी युवाओं को प्रयास करने का पूरा हक है और सभी को मौका भी मिलना चाहिए। उत्तर प्रदेश में जो भर्ती होने वाली है, उसमें राजस्थान, झारखंड, बिहार ही नहीं, मिजोरम तक के युवा भाग ले रहे हैं। मतलब, सरकारी नौकरी के प्रति हर जगह रुझान है। ऐसा भी नहीं है कि कांस्टेबल पद के लिए आवेदन करने वाले लाखों युवाओं में सभी बेरोजगार होंगे। निजी क्षेत्र में नौकरी कर रहे युवाओं ने भी आवेदन किया है, तो इसके पीछे उनकी यही सोच होगी कि सरकारी नौकरी उन्हें ज्यादा सुरक्षित करेगी।

यह भीड़ संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी चाहिए। उत्तर भारत के राज्यों के आंकड़ों को अगर देखें, तो बेरोजगारी दर उतनी ज्यादा नहीं है, लेकिन जब सरकारी नौकरी मांगने वाले कहीं उमड़ते हैं, तो स्थिति भयावह नजर आने लगती है। ऐसा नहीं है कि केवल उत्तर भारत में सरकारी नौकरी के लिए भीड़ लग रही है। याद कीजिए, जुलाई के महीने में ही मुंबई एयरपोर्ट पर भगदड़ की स्थिति बन गई थी। एयरपोर्ट लोडर के 2,216 पद थे और जिसके लिए 25,000 से भी ज्यादा युवा उमड़ आए थे। धक्का-मुक्की ऐसी हुई थी कि एअर इंडिया के अधिकारियों को भी किसी हादसे की चिंता सताने लगी थी। उस नियुक्ति प्रक्रिया में भी अनेक राज्यों के नौजवान शामिल हुए थे। अत: बेरोजगारी की समस्या या अच्छी नौकरी की खोज हर राज्य के लिए चिंतन-मनन का विषय है, पर क्या राज्य सरकारें इस समस्या को पूरी गंभीरता से समझ रही हैं? राज्य सरकारों ने निजी क्षेत्र की नौकरियों को आकर्षक बनाने के लिए क्या किया है? रोजगार सुरक्षा में असमानता को दूर करने के लिए कितने प्रयास किए जा रहे हैं? समाज में असंख्य लोगों को यह क्यों लगता है कि सरकारी नौकरी ही असली नौकरी है। अगर निजी क्षेत्रों में नौकरियों को आकर्षक और सुरक्षित बनाया जाए, तो शायद सरकारी नौकरी के लिए होने वाली मारामारी कम होगी।

हालांकि, ऐसा नहीं है कि सरकारें नौकरी नहीं दे रही हैं। नियुक्तियों का सिलसिला किसी भी साल रुका नहीं है, लेकिन जितनी नियुक्तियां होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में खाली पदों को प्राथमिकता के साथ भरना चाहिए, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो। पुलिस की अगर बात करें, तो यहां देश भर में करीब नौ लाख नियुक्तियां हो सकती हैं। कानून व्यवस्था की चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल होना ही चाहिए। इसमें क्या दोराय है कि जब उत्तर प्रदेश में 60,000 से ज्यादा नए कांस्टेबल सेवा में तैनात होंगे, तो यहां कानून-व्यवस्था की स्थिति और अच्छी होगी। इससे प्रदेश के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। यहां पूंजी या निवेश में भी वृद्धि होगी, जिससे रोजगार बढ़ेगा। वास्तव में, अच्छी सरकारी नौकरियां दूसरी तमाम नौकरियों के लिए संभावना बढ़ाती हैं और शायद हर राज्य में यही करने की जरूरत है। अगर ऐसा किया गया, तो नौकरी मांगने वालों की भीड़ धीरे-धीरे छंटती चली जाएगी।

# अगस्त में यूपीआई लेनदेन 41 प्रतिशत से बढ़कर रिकॉर्ड 14.96 अरब हुआ : एनपीसीआई



**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में अगस्त महीने में 41 फीसदी की वृद्धि (साल-दर-साल) के साथ रिकॉर्ड 14.96 अरब की लेनदेन हुई। जिससे कुल लेनदेन राशि 20.61 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 31 फीसदी अधिक रही। यह जानकारी रविवार को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से मिली है। पिछले महीने औसत दैनिक लेनदेन राशि 483 मिलियन रही, जिससे औसत दैनिक लेनदेन राशि 66,475 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में रिपोर्ट की मानें तो यूपीआई लेनदेन लगातार चार महीनों से 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। जुलाई में यूपीआई आधारित लेनदेन 20.64 लाख करोड़ रुपये रहा और कुल यूपीआई लेनदेन की संख्या 14.44 बिलियन रही। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, औसत दैनिक लेनदेन 466 मिलियन रही, जबकि औसत दैनिक लेनदेन राशि 66,590 करोड़ रुपये रही। यूपीआई पर अब हर महीने 60 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ रहे हैं, जो यूपीआई पर रुपे क्रेडिट कार्ड और विदेशों में इसके लॉन्च से प्रेरित है। एनपीसीआई ने आने वाले वर्षों में प्रतिदिन 1 बिलियन यूपीआई लेनदेन हासिल करने का लक्ष्य भी रखा है। यूपीआई ने इस वर्ष अप्रैल-जुलाई में लगभग 81 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन किए, जो कि (वर्ष-दर-वर्ष) 37 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि है और यह दुनिया के अग्रणी डिजिटल भुगतान प्लेटफार्म से आगे है। ग्लोबल पेमेंट्स हब पेसिक्योर के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू डिजिटल भुगतान समाधान ने प्रति सेकंड 3,729.1 लेनदेन संसाधित किए। यह 2022 में पंजीकृत प्रति सेकंड 2,348 लेनदेन की तुलना में 58 प्रतिशत की वृद्धि है। इसने लेनदेन की संख्या में चीन के अलीपे, पेपैल और ब्राजील के पीआईएक्स को पीछे छोड़ दिया। भारत डिजिटल लेनदेन में विश्व में सबसे आगे है, जहां 40 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल रूप से किए जाते हैं और इनमें से अधिकांश के लिए यूपीआई का उपयोग किया जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सीईओ दिलीप असबे के अनुसार, क्रेडिट ग्रोथ के कारण यूपीआई में अगले 10-15 सालों में 100 बिलियन ट्रांजेक्शन को छूने की क्षमता है। यूपीआई पर क्रेडिट पहले ही लॉन्च किया जा चुका है और कुछ ही हफ़्तों में विज्ञापन जारी कर दिए जाएंगे।

# 10 करोड़ एनएसई निवेशकों में कम से कम 2.2 करोड़ महिलाएं



**अहमदाबाद।** भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशक अहम भूमिका निभा रहे हैं और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कुल 10 करोड़ से ज्यादा निवेशकों में से कम से कम 2.2 करोड़ महिलाएं हैं। एनएसई पर लगभग 10 करोड़ पंजीकृत निवेशक हैं, जिनमें से लगभग 22 प्रतिशत महिला निवेशक हैं। एनएसई के मुख्य अर्थशास्त्री तीर्थंकर पटनायक ने यह जानकारी दी। उन्होंने एनएसई और एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 2015 से, भारतीय शेयर बाजार में महिला निवेशकों की संख्या 6.8 गुना बढ़ी है। लगभग 69 प्रतिशत निवेशक 40 वर्ष से कम उम्र के हैं, इसलिए अधिक युवा लोग निवेश कर रहे हैं। खुदरा निवेशकों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है, और इस कारण, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारी बिकवाली और भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद, निफ्टी लगातार बढ़त बना रहा है। पटनायक ने कहा, भारतीय परिवारों का कुल ट्रेडिंग में 35 प्रतिशत हिस्सा है। मासिक एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) प्रवाह 23,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर चुका है, जो बाजार के लिए महत्वपूर्ण है। एनएसई के पास अब 10 करोड़ से अधिक यूनिक पंजीकृत निवेशक बेस हैं। प्रमुख एक्सचेंज के साथ पंजीकृत क्लाइंट कोड (खाते) की कुल संख्या 19 करोड़ है।




# और बढ़ेगी ट्रैफिक वालों की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक के बाद एक नए फैसले लिए जा रहे हैं। कभी यातायात को प्राइम सुधार का विषय माना जाता है, तो कभी क्राइम को। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक खास मार्ग पर ई- रिक्शा का संचालन बंद करने का आदेश दे दिया गया था। उसके लिए बकायदा अधिसूचना का सहारा लिया गया। उसको अमल में लाने के लिए सोशल मीडिया से लेकर अन्य प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल हुआ है।



अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिशनरेट सिस्टम गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिस के लिए इस मार्ग पर अगर ई-रिक्शा दिखाई देता है तो टेंशन वाला सीन होगा, क्योंकि इस मार्ग पर खास अधिकारियों की गाड़ी दिनभर में कई बार निकलती है, अगर इस मार्ग पर ई- रिक्शा दिखा तो कई स्तर के अधिकारियों की टेंशन बढ़ेगी। उधर पुलिस वाले सूत्रों का कहना है कि पहले भी इस मार्ग पर ठेली को लेकर काफी पुलिसकर्मियों का नुकसान हुआ था। ऐसा ना हो कि फिर सुधार कार्य के चक्कर में पुलिस वालों को ही नुकसान उठाना पड़ जाए। उधर एक तरफ चर्चा यह चल रही है कि केवल इसी मार्ग को क्यों चुना गया जबकि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अधिकांश ऐसे मार्ग हैं जो जाम से जूझते हैं। वहां ई-रिक्शा का आतंक भी देखा जाता है। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा इस मार्ग पर नहीं चलेगा, इसके लिए बाकायदा पुलिस साइन बोर्ड भी लगवा दिए गए हैं। जो लाइन के आसपास प्रमुख्ता से लगाए गए हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की पहली ही प्रेसवार्ता में बताया गया था कि गाजियाबाद में ट्रैफिक और कैमरों को लेकर काफी बदलाव देखने को मिलेगा, पर अभी भी अधिकांश इलाकों में जाम और घटना होने के बाद कमरे की कमी का रोना सुनाई देता ही है। वहीं देखना होगा कि अभी ई-रिक्शा इस मार्ग पर नहीं चलता है। वैसे यहां सुबह 7 से रात 10 बजे तक ही रोक है। इसी मार्ग पर अनाज मंडी से लेकर कई महत्वपूर्ण कंपाउंड है। वहां आने जाने और अपनी सहूलियत के अनुसार लोग ई-रिक्शा का प्रयोग करते हैं, अब देखना होगा कि वह किसी अन्य विकल्प को चुनते हैं और क्या इस पहल से जाम की समस्या से छुट्टी मिल भी पाती है या नहीं देखना होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन की पुलिस को फिर ई-रिक्शा को लेकर अपनी मुस्तैदी बढ़ानी होगी। वहीं ट्रैफिक वालों को भी पहले से ज्यादा टेंशन लेनी हो।

# पीएमआई और जीडीपी के आंकड़ों का दिखेगा बाजार पर असर



**मुंबई।** बीते सप्ताह मुख्य सूचकांकों में डेढ़ फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने वाले घरेलू शेयर बाजारों पर आने वाले सप्ताह में पहली तिमाही के जीडीपी और अगस्त के पीएमआई आंकड़ों का असर दिख सकता है। बाजार में पिछले सप्ताह तेजी का रुख रहा। विदेशी निवेशकों की शुद्ध लिवाली से बीएसई का सेंसेक्स 1.58 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 82,365.77 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 1.66 फीसदी की तेजी के साथ 25,235,90 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक 30 अगस्त को बीच कारोबार में क्रमशः 82,637.03 अंक और 25,268.35 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में कामयाब रहे। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अगस्त में भारतीय इक्विटी में 7,320.12 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की संभावना को देखते हुए आने वाले सप्ताह में भी लिवाली बने रहने की उम्मीद है। इसके अलावा बाजार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के शुक्रवार शाम जारी हुए आंकड़ों का असर भी देखा जा सकता है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत रही है। हालांकि, यह 15 महीने का निचला स्तर है, लेकिन इसके बावजूद दुनिया के बाकी देशों की तुलना में विकास की रफ्तार काफी मजबूत है। आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई के आंकड़े भी जारी होने हैं जो निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। बीते सप्ताह मझौली और छोटी कंपनियों ने बड़ी कंपनियों की तुलना में कम रिटर्न दिया। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 1.24 फीसदी की साप्ताहिक तेजी के साथ अंतिम कारोबारी दिवस पर 59,286.65 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 250 सूचकांक 0.91 प्रतिशत चढ़कर 18,170.25 अंक पर बंद हुआ। मानसून की अच्छी बारिश को देखते हुए बाजार में ओवरऑल निवेश धारणा आने वाले समय को लेकर सकारात्मक बनी हुई है। यदि वैश्विक स्तर पर कोई बड़ा उथल-पुथल नहीं होता है तो अगले सप्ताह भी शेयर बाजारों में तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

## राशिफल

**मेष:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।

**वृष:** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मिथुन:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।

**कर्क:** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**सिंह:** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।

**कन्या:** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।

**तुला:** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।

**धनु:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।

**मकर:** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।

**कुंभ:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

पति अपने दोस्त से : यार मेरी पत्नी बहुत खचीर्ले स्वभाव की हो गई है , आये दिन कभी 1000 कभी 2000 मांगती रहती है
दोस्त : तुम्हारी पत्नी इतने पैसों का करती क्या है ?
पहला दोस्त : क्या पता? मैंने कभी दिए ही नहीं।

---

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है : कैसी लग रही हूँ मैं ?
पति : कसम से दिल तो कर रहा है कि तुझे पाकिस्तान फेंक आऊँ।
पत्नी : क्या मतलब ?
पति : बम लग रही है बम।

---

बीवी : आप सुलेमान की बीवी के जनाजे पर नहीं गए?
पति : किस मुँह से जाऊँ तीसरी बार बीवी के जनाजे में बुला रहा है और मैं उसे एक बार भी नहीं बुला सका।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दोस्तों क्या आपने कभी नीले रंग के अंडे देखे हैं? कैसे इन अण्डों में नीला रंग आया, इसके पीछे एक बहुत ही रोचक कहानी है। एक अध्ययन के अनुसार, 500 साल पहले एक वायरस ने दक्षिणी अमेरिकी देसी मुर्गियों की एक प्रजाति को संक्रमित कर दिया था। यह संक्रमड अनुवांशिक उत्परिवर्तन का कारण बन गया, जो की एक रंगद्रव्य को संचयित करता है जिसे बिलिवरडीन कहा जाता है, नतीजन मुर्गियों ने नीले अंडे देने शुरू कर दिया।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी हुई है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



## पीएम मोदी ने दी रुबीना को बधाई

# रुबीना ने पेरिस पैरालंपिक में जीता कांस्य पदक




**पेरिस।** भारतीय पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएस1 के फाइनल में कांस्य पदक जीत लिया। पेरिस पैरालंपिक में भारत को पांचवां पदक दिलाया। पीएम मोदी ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### पीएम ने दी बधाई

पीएम ने कहा- भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण, जब रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालंपिक में पी2-महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण ध्यान, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं।

### भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा पदक



रुबीना क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रही थीं, लेकिन फाइनल में उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया। भारत का इस पैरालंपिक में निशानेबाजी में यह चौथा पदक है। रुबीना से पहले अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था, जबकि मोना ने कांस्य अपने नाम किया था। वहीं, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में मनीष नरवाल ने रजत पदक जीता था।

### रुबीना ने रचा इतिहास

रुबीना पैरालंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पिस्टल निशानेबाज हैं। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के बंदूक संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं।

# विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरूआत



**नई दिल्ली।** भारत की 16 सदस्यीय बधिर निशानेबाजी टीम ने जर्मनी के हनोवर में आयोजित दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में शानदार शुरूआत करते हुए प्रतियोगिता के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। अनुया प्रसाद ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि भारत ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में भी दो बार पोडियम पर जगह बनाई, जिसमें अभिनव देशवाल ने रजत और शुभम वशिष्ठ ने कांस्य पदक जीता। अभिनव और शुभम ने चेतन सकपाल के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम रजत पदक जीता। यह चैंपियनशिप 7 सितंबर तक चलेगी और भारतीय निशानेबाज एयर राइफल और एयर पिस्टल स्पधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस दल में धनुष श्रीकांत जैसे शीर्ष निशानेबाज शामिल हैं, साथ में एक दुभाषिया और कोच प्रीति शर्मा (पिस्टल) और संजीव राजपूत (राइफल) भी हैं।

### पहले दिन पदक तालिका

अनुया प्रसाद - : 10 मीटर एयर पिस्टल महिला (स्वर्ण)
अभिनव देशवाल - : 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष (रजत)
शुभम वशिष्ठ - : 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष (कांस्य)
10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम - : अभिनव देशवाल, शुभम वशिष्ठ और चेतन सपकाल (रजत

# मनीषा रामदास ने सेमीफाइनल में पहुंचकर बरकरार रखी पदक की उम्मीद, पलक और मनदीप बाहर



**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की उम्मीदें बरकरार रखीं, लेकिन मनदीप कौर और पलक कोहली रविवार को महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मैच हार कर पैरालंपिक खेलों से बाहर हो गईं। 19 वर्षीय मनीषा को क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को 21-13, 21-16 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई।

**मनीषा का सामना तुलसीमति से होगा**

मनीषा का सेमीफाइनल में सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया। तुलसीमति ने शनिवार को ग्रुप ए में पुर्तगाल की बीट्रिज मोंटेइरो को हराया था। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गैरवरीय प्रतिद्वंद्वी को केवल 30 मिनट में बाहर का रास्ता दिखाया। इससे पहले एसएल3 वर्ग में खेल रहीं मनदीप नाइजीरिया की तीसरी वरीयता प्राप्त बोलाजी मरियम एनियोला के सामने किसी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाई और 23 मिनट में 8-21, 9-21 से मुकाबला हार गईं। मनदीप की एनियोला के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले वह ग्रुप चरण में भी नाइजीरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। एसएल4 वर्ग में पैरा विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पलक इंडोनेशिया की खलीमातुस सादियाह से 28 मिनट में 19-21, 15-21 से हार गईं। एसएल4 वर्ग में पुरुष एकल सेमीफाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी सुहास यतिराज और सुकांत कदम आमने-सामने होंगे। इस तरह से इन दोनों ने बैडमिंटन में भारत का पहला पदक पक्का किया था। एसएल3 वर्ग के पुरुष एकल सेमीफाइनल में नितेश कुमार का मुकाबला जापान के डाइसुके फुजिहारा से होगा।

# हद्दाद माइया, स्वीयाटेक, वोज्नियाकी राउंड ऑफ 16 में



**न्यूयॉर्क।** ब्राजील की बीट्रिज हद्दाद माइया ने धीमी शुरूआत से उबरते हुए 15वीं सीड अन्ना कलिंस्काया को 6-3, 6-1 से हराकर अमेरिकी ओपन के राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। 28 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी, जो 2023 में रौलां गैरो के सेमीफाइनल में पहुंची थीं , उन्होंने लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में 80 मिनट में मैच जीतने के लिए कलिंस्काया की 25 अनफोर्स्ड गलतियों का फायदा उठाया। अपने करियर का चौथा यूएस ओपन खेल रही हद्दाद माइया पहली बार फ्लशिंग मीडोज में राउंड 4 में पहुंची हैं। अब राउंड 4 में उनका सामना पूर्व विश्व नंबर 1 कैरोलिन वोज्नियाकी से होगा, जो उनके करियर की पहली आमने-सामने की भिड़ंत होगी। शनिवार रात के मैच से पहले ही, हद्दाद माइया यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली ब्राजीली महिला बन गई थीं। इससे पहले टेनिस हॉल ऑफ फेमर मारिया ब्यूनो ने 1976 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इससे पहले, विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने 25वीं सीड अनस्तासिया पाव्लुचेंकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथी बार यूएस ओपन के राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई। सोमवार को अपने चौथे दौर के मैच में स्वीयाटेक का सामना 16वीं सीड प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा से होगा, जिन्होंने अपने तीसरे दौर के मैच में उभरती अमेरिकी स्टार एश्लिन क्रुगर को 6-1, 6-1 से हराया था। स्वीयाटेक ने आमने-सामने की लड़ाई में 3-0 की बढ़त हासिल की। लेकिन, उन्होंने कोर्ट पर दिए अपने साक्षात्कार में कहा कि अगले प्रतिद्वंद्वी की शैली 'तेज और सपाट थी और जाहिर है, चौथे दौर में कोई भी मैच आसान नहीं होता। अन्य मुकाबलों में, 34 वर्षीय वोज्नियाकी ने राउंड ऑफ 16 में फ्रांसीसी क्वालीफायर जेसिका पोंचेट को 6-3, 6-2 से हराया। वोज्नियाकी ओपन एरा में 34 वर्ष या उससे अधिक उम्र में यूएस ओपन राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाली 8वीं खिलाड़ी हैं। वह 2020 में सेरेना विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं और डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, वह क्रिस एवर्ट, बिली जीन किंग, सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स जैसी महिलाओं की एक बेहतरीन टीम में शामिल हो गई हैं। इससे पहले राउंड ऑफ 16 तक पहुंचने वाली सात में से छह खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, जिनमें क्रिस एवर्ट, बिली जीन किंग, मार्टिना नवरातिलोवा, वर्जीनिया वेड, सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स का नाम शामिल है।

# वेस्ट दिल्ली लायंस को हराकर पुरानी दिल्ली 6 अंक तालिका में तीसरे पायदान पर



**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली 6 ने शनिवार रात को अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस को 6 विकेट से हराकर अपनी चौथी जीत दर्ज की और अंक तालिका में तीसरे पायदान पर पहुंच गए। पहले गेंदबाजी करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 139 रन पर समेट दिया। केशव दलाल ने 30 गेंदों में 47 रन बनाकर मैच जिताऊ पारी खेली। पुरानी दिल्ली 6 के लिए आयुष सिंह चार विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। 140 रनों का पीछा करने उतरी पुरानी दिल्ली 6 की शुरूआत अच्छी रही और सलामी बल्लेबाजों ने पहले 4 ओवर में 40 रन बना लिए। हालांकि अर्पित राणा पांचवें ओवर में आउट हो गए, जिसके बाद युग गुप्ता और मंजीत ने मिलकर 27 रनों की जरूरी साझेदारी निभाई, लेकिन आठवें ओवर में युग भी आउट हो गए। अगले कुछ ओवरों में पुरानी दिल्ली ने दो और विकेट खो दिए और वेस्ट दिल्ली लायंस ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली, लेकिन केशव और ललित ने नाबाद 59 रनों की साझेदारी निभाकर पुरानी दिल्ली 6 को 11 गेंद शेष रहते मैच जिता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्ट दिल्ली लायंस की शुरूआत खराब रही और ऊपरी क्रम के बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। अनमोल शर्मा शून्य पर तो चौथे ओवर में अंकित कुमार भी आउट हो गए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान ऋतिक शौकीन भी अगले ही ओवर में पवेलियन लौट गए। इस समय टीम का स्कोर 5 ओवर में 30 रन था। कृष यादव ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और लगातार स्ट्राइक रोटेट करके वेस्ट दिल्ली लायंस को नौवें ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कराया, लेकिन 13वें ओवर में वो भी मैदान के बाहर चले गए। उन्होंने 32 गेंदों में 43 रन बनाए। उनके विकेट के समय वेस्ट दिल्ली लायंस का स्कोर 12.1 ओवर में 74/5 था। विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी रहा और 15 ओवर तक पहुंचते-पहुंचते टीम ने 93 रन पर 7 विकेट खो दिए। जिसके बाद अंतिम ओवरों में तिशांत पवन डाबला और शिवांक वशिष्ठ ने कुछ चौके लगाकर वेस्ट दिल्ली लायंस को 139 रन के आंकड़े तक पहुंचने में मदद की। इस जीत के साथ पुरानी दिल्ली 6 अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम का अगला मुकाबला सोमवार को सेंट्रल दिल्ली किंग्स से होगा।

# बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**न्यूयॉर्क।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी ने ऑस्ट्रेलियाई चेक जोड़ी जॉन पीयर्स और कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर यूएस ओपन के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी ने कोर्ट 12 पर एक घंटे 13 मिनट तक चले मैच में पीयर्स और सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5), 10-7 से हराया। 3 सितंबर को होने वाले क्वार्टर फाइनल में बोपन्ना का सामना मैथ्यू एबडेन से होगा, जिन्होंने चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ जोड़ी बनाई है। इससे पहले, बोपन्ना और सुत्जियादी ने डेमी शूर्स और टिम पुट्ज की डच-जर्मन जोड़ी को 98 मिनट में 7-6, 7-6 से हराया और फिर रॉबर्टो काबार्लेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। इससे पहले, शुक्रवार को पुरुष युगल में, बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी एबडेन ने रॉबर्टो काबार्लेस बेना और फेडेरिको कोरिया की स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2, 6-4 से 60 मिनट में हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बोपन्ना और एबडेन रविवार को पुरुष युगल के अंतिम 16 के मुकाबले में अर्जेंटीना के एंड्रेस मोल्टेनी और मैक्सिमो गोंजालेज की जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के युकी भांबरी और फ्रांसीसी अल्बानो ओलिवेटी की एक अन्य पुरुष युगल जोड़ी, जिन्होंने दूसरे दौर में ऑस्टिन क्राजिसेक और जीन-जूलियन रोजर की 15वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी-डच जोड़ी को हराया था, रविवार को ग्रैंडस्टैंड में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेनिश-अर्जेंटीना की जोड़ी मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस से भिड़ेगी।

# मेदवेदेव चौथे दौर में, सिनर ने ओ'कोनेल को हरा दिया



**न्यूयॉर्क।** नंबर 5 सीड रूसी दानिल मेदवेदेव हार्ड कोर्ट मेजर के चौथे दौर में प्रवेश करने के लिए नंबर 31 सीड फ्लेवियो कोबोली को लगातार सेटों में हराकर पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के एलिमिनेशन के सिलसिले को रोकने में कामयाब रहे जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने आसानी से चौथे दौर में जगह बना ली। मेदवेदेव ने युवा इतालवी कोबोली को दो घंटे, 18 मिनट में 6-3, 6-4, 6-3 से हरा दिया और पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस के साथ चौथे दौर की भिड़ंत तय की, जिन्होंने लगभग चार घंटे तक चले अपने पांच सेटों के राउंड 3 मुकाबले में जैकब मेन्सिक को हराया। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद, 2021 यूएस ओपन विजेता मेदवेदेव अब फ्लशिंग मीडोज में सीजन के आखिरी मेजर में बचे एकमात्र पूर्व चैंपियन हैं। नंबर 10 सीड ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने 56 विनर लगाए और अपनी शानदार कोर्ट स्पीड का इस्तेमाल करते हुए ब्रिटेन के गैरवरीय डेनियल इवांस को दो घंटे 48 मिनट में 6-3, 6-7(4), 6-0, 6-0 से हरा दिया। यह लगातार दूसरे वर्ष उनका यूएस ओपन का चौथा राउंड है। फ्लशिंग मीडोज में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम 2020 में क्वार्टरफाइनल फिनिश था। आज शाम राउंड 3 की जीत के साथ, डी मिनौर 20 वर्षों में एक ही वर्ष में प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे राउंड में पहुंचने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति बन गए। 25 वर्षीय डी मिनौर यह उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिष्ठित आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों लेटन हेविट (2004), जॉन न्यूकॉम्ब (1969), रॉय एमर्सन (1969), टोनी रोश (1969), रॉड लेवर (1969) और फ्रेड स्टोल (1969) की सूची में शामिल हो गए। इस साल की शुरूआत में रौलां गैरो और विंबलडन में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले डी मिनौर का अगला मुकाबला साथी ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ राउंड 4 मैच होगा। करियर आमने-सामने की बैठकों में वह थॉम्पसन से 4-1 से आगे हैं।

अपने सबसे हालिया मैच में, डी मिनौर ने 2022 में मियामी के दूसरे दौर में थॉम्पसन को 6-2, 6-3 से हराया था। अन्य मेगा एक्शन में, वर्ल्ड नंबर 1 सिनर ने वर्ल्ड नंबर 87 ओ'कोनेल को 6-1, 6-4, 6-2 से हराया, पूरे मैच में 15 एस लगाए और पांच ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चौथे राउंड में पहुंच गए। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सिनर ने एक घंटे और 53 मिनट में सीजन की अपनी 51वीं जीत पूरी की। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। ब्रिटिश नंबर एक जैक ड्रेपर भी बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प पर 6-3, 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंच गए।

# 2024 के सीजन के बाद ब्रावो लेंगे सीपीएल से संन्यास



**नई दिल्ली।** टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज ड्वेन ब्रावो ने घोषणा की है कि वह कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) के जारी सीजन के बाद इस टूर्नामेंट को अलविदा कह देंगे। ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) के इस सीजन के पहले मुकाबले से पूर्व ब्रावो ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी। ब्रावो ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। यह सीजन कैरिबियाई लोगों के सामने मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा। टीकेआर ही वो जगह थी जहां से मेरे लिए हर चीज की शुरूआत हुई थी और अपनी टीम के साथ ही इस यात्रा का अंत होगा। ब्रावो सीपीएल में भी अभी तक के सबसे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 22.40 की औसत और 8.69 की इकॉनमी से 128 विकेट लिए हैं। ब्रावो ने सीपीएल से संन्यास टी20 क्रिकेट से संन्यास लेने के तीन साल बाद लिया है। ब्रावो ने 2021 के टी20 वर्ल्ड कप के शुरूआती चरण में ही वेस्टइंडीज के बाहर हो जाने के बाद टी20 को अलविदा कह दिया था। इसके बाद उन्होंने 2023 में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया और उसके बाद से उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई है। सीपीएल में ब्रावो के पास पांच ट्रॉफी हैं, जिनमें तीन उन्होंने टीकेआर का हिस्सा रहते हुए जीती हैं। ब्रावो अपने सीपीएल करियर का अंत भी ट्रॉफी के साथ करने की उम्मीद कर रहे हैं। सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रियट्स को अपनी कप्तानी में 2021 में सीपीएल जिताने से पहले ब्रावो ने 2017 और 2018 में टीकेआर को लगातार दो ट्रॉफी जिताई थीं। हालांकि 2020 में टीकेआर के खिताबी सीजन में ब्रावो एक खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा थे। उसी सीजन वह टी20 क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज भी बने थे। सीपीएल 2024 घरेलू सरजमीं पर ब्रावो का अंतिम टूर्नामेंट होगा, हालांकि वह दुनिया के अन्य हिस्सों में खेली जाने वाली टी20 लीग का हिस्सा बने रहेंगे। वह आईएल टी20 में एमआई एमिरेट्स का हिस्सा हैं, जबकि मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) में टेक्सास सुपर किंग्स (टीएसके) का हिस्सा हैं।

# हॉकी इंडिया बेरोजगार सीनियर कोर संभावित खिलाड़ियों को 2 लाख रुपये का अनुदान देगा



**लखनऊ।** खिलाड़ियों को खेल में अपना करियर बनाए रखने में आर्थिक रूप से मदद करने के लिए, हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष और महिला कोर संभावित समूह के सदस्यों के लिए 2 लाख रुपये का अनुदान प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है,जिन्हें अभी तक सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों (पीएसयू) में नौकरी नहीं मिली है। यह निर्णय आज लखनऊ में आयोजित वार्षिक आम बैठक के दौरान लिया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, जबकि अधिकांश हॉकी खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए पीएसयू और सरकारी विभागों द्वारा मान्यता मिलती है जो नौकरियां प्रदान करते हैं, यह हमारे ध्यान में लाया गया है कि वरिष्ठ कोर समूह में कुछ नए लोग शामिल हैं, खासकर महिलाएं। बेरोजगारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ताकि उन्हें या उनके परिवारों को गुजारा करने के लिए संघर्ष न करना पड़े, हर साल 2 लाख रुपये अनुदान देने का निर्णय हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने लखनऊ में एजीएम के दौरान लिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर हाई टी के लिए अध्यक्ष टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन सहित हॉकी इंडिया की 31 राज्य सदस्य इकाइयों और हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के प्रतिनिधियों की मेजबानी की।



खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे. सभा ने उत्तर प्रदेश में हॉकी को आगे बढ़ाने पर चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया, जो राज्य में खेल को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शनिवार को हुए इस आयोजन के बाद पहली बार हॉकी इंडिया एजीएम का आयोजन लखनऊ में हुआ। बैठक के दौरान हॉकी इंडिया लीग पर भी अहम फैसले लिए गए. इसके अलावा, अधिकारियों ने सीनियर और जूनियर पुरुष और महिलाओं में भारतीय राष्ट्रीय टीमों द्वारा की गई प्रगति, भारत में आगामी घटनाओं और जमीनी स्तर पर विकास कार्यक्रमों पर भी चर्चा की। एजीएम ने कोच एजुकेशन पाथवे और खेल को और बढ़ावा देने के लिए पूर्व हॉकी सितारों को विभिन्न भूमिकाओं में तैनात करने पर भी ध्यान केंद्रित किया।



महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, हॉकी इंडिया अपने निवास पर राज्य सदस्य इकाइयों और कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों की मेजबानी करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बहुत आभारी है। हमने उत्तर प्रदेश में हॉकी को और विकसित करने पर सार्थक चर्चा की, जिसने महान हॉकी खिलाड़ियों को जन्म दिया है। हमने रविवार को लखनऊ में एजीएम भी आयोजित की, जहां हमने राष्ट्रीय खिलाड़ियों की मदद के लिए कुछ अहम फैसले लिए। हमने आगामी हॉकी इंडिया लीग पर भी चर्चा की और मैं आश्वासन देता हूं कि आने वाले हफ्तों में हम कुछ रोमांचक घोषणाएं करेंगे।

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम DAVENDRA KUMAR / देवेन्द्र कुमार से बदलकर DAVENDAR KUMAR TOMAR / देवेन्द्र कुमार तोमर कर दिया है। आज के बाद शपथकर्ता को DAVENDAR KUMAR TOMAR / देवेन्द्र कुमार तोमर के नाम से ही जाना जाए।

**देवेन्द्र कुमार तोमर**
**पुत्र काकु सिंह तोमर**
**निवासी गंगा विहार कालोनी,**
**मुरादनगर जिला गाजियाबाद,**
**उत्तर प्रदेश-201206**

# अउआ का नए अपराधिक कानून पर संवाद कार्यक्रम

## 'नए आपराधिक कानून : समसामयिक प्रासंगिकता और निहितार्थ'

## नए कानून महिलाओं व बच्चों के प्रति ज्यादा संवेदनशील : ओपी सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने कहा है कि नए अपराधिक कानून महिलाओं और बच्चों के लिए बहुत संवेदनशील हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुराछात्र संघ (अउआ) के संवाद कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण वेबनार 'नए आपराधिक कानून : समसामयिक प्रासंगिकता और निहितार्थ' को सम्बोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।

रविवार शाम आयोजित हुए इस कार्यक्रम में पूर्व पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के अलावा राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ के एसोसिएट प्रोफेसर (कानून) डॉ. कुमार असकंद पांडे और इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ललित मुद्गल मुख्य वक्ता थे। ये तीनों वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके हैं।

विश्वविद्यालय के पुराछात्र पूर्व डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि नई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) बेहद प्रभावी साबित होंगी। नए आपराधिक कानून फालतू प्रक्रियाओं और औपचारिकताओं को कम करने के अलावा, महिलाओं और बच्चों के प्रति ज्यादा ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। वेबनार में मुख्य वक्ता डॉ. कुमार असकंद पांडे ने कहा कि



(बीएनएस) 2023 महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति इस लिए ज्यादा संवेदनशील हैं, क्योंकि समाज में इन्हें कमजोर आंका जाता है। नए कानून में एक नया अध्याय है, जो विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराधों की व्याख्या करता है। दूसरे मुख्य वक्ता ललित मुद्गल ने कहा कि संगठित अपराध और आतंकवादी कृत्य भी अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दंडनीय हैं।

# पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने वार्ड-41 में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 सेक्टर एक स्थित नाले की दीवार के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल के प्रयासों और मैक्स वैशाली के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। गौरव अग्रवाल द्वारा 20 ट्री गार्ड क्षेत्र के लिए उपलब्ध कराए गए पेड़ों की सुरक्षा पर बल दिया गया।

नीम , पीपल और जामुन के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों से एक पौधा गोद लेने की अपील की गई। ताकि पौधे का रखरखाव हो सके। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल वैशाली से प्रितपाल सिंह और राम सुचित तथा समाजसेवी सुभाष शर्मा, एमपी पाठक, अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, घनश्याम गुप्ता, दिनेश लाखेड़ा, हरिओम गुप्ता, वीर सेन मित्तल, पंकज शर्मा, राजेश ओझा, डॉ. एसएन शर्मा, केल शर्मा, विमल भट्ट, पवित्रा, रेनू नेगी आदि लोग मोजूद रहे।




**दीपक भाटी**
**समाचार सम्पादक**

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक भगवा कमिश्नर की इन दिनों किराये की दुकान आ गई है निशाने पर? कहने वाले कह रहे हैं कि दुकान को लेकर हमें कोई आपत्ति नहीं है? मगर दुकान में चल रहा है नॉनवेज खिलाने का कारोबार? जिसे हम नहीं कर पा रहे हैं बर्दाश्त? कहने वाले ने कहा इस मामले में हम संगठन वालों से मिलकर रखेंगे अपनी बात? या तो वो भगवा कमिश्नर की जिम्मेदारी संभालें? या फिर किरायेदार वाली भूमिका निभाकर इस तरह की दुकानों से किराया वसूलें साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांसद जी के फोकस में है आजकल भगवा रेडफेस मैन का फेस? मैं था वर्मा जी के भंडारे में मौजूद? वहां पर मुझे मिला कुछ ऐसा ही संकेत? लाल चेहरे पर काला चश्मा लगाकर रेडफेस मैन करा रहे थे सुपर स्टॉर वाली फीलिंग? जैसे ही पड़ी सांसद जी की उन पर नजर? उन्होंने अपने अंदाज में छोड़ा शब्दों का तीर? कहा हम जहां पर बैठे हैं शायद वहां पर धूप पड़ रही है गंभीर? हम इन शब्दों को कहते हुए पढ़ रहे थे उनकी मुस्कुराहट? हम जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर क्या है इन शब्दों के पीछे की आहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा तेवतिया जी का गजब है अंदाज? वो खुलकर शॉट मारते हैं, कुछ भी छुपाते नहीं है साहब? हमने देखा जब वो बैठे थे पंजाबी चेहरे के नजदीक? तब उनका चेहरा कर रहा था पंजाबी चेहरे के बड़े समर्थन की तस्दीक? उनके शब्दों को मिला विधायक जी का भी समर्थन? दोनों के तेवरों को देखकर लगा वो देना चाह रहे हैं इस मौहब्बत से किसी और को भी संदेश? जिस वक्त ये घटना घट रही थी तब मौके पर मौजूद नहीं था दावेदारी का ये दूसरा मजबूत फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं इसलिए सीडी के चीफ वार्डन ललित जायसवाल की वर्किंग का करता हूं सम्मान? वो रखते हैं सबका ध्यान? कुछ ऐसा ही रहता है उनका प्लान? मैंने देखा कविनगर रामलीला मैदान के भूमि पूजन में उन्होंने एक ही छत के नीचे तैयार कर दी थी राजनीति के तमाम चेहरों की माला? हर कोई उनके निमंत्रण पर आयोजन में पहुंचा? सभी के मुख पर था ललित जायसवाल की सादगी का पैगाम? कहने वाले ने कहा ऐसे चेहरे को भी मिलना चाहिए राजनीति में प्रमोशन? जब उपचुनाव का प्रमोशन हो रहा हो श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बतला रहा हूं अचूक? अब भगवा रेस्लर नहीं करेंगे सोशल मीडिया पर शब्दों की चूक? उन्होंने पहले ही चख लिया है विरोध का स्वाद? काफी दिनों तक झेलना पड़ा था उनको बिन मांगा विवाद? कहने वाले ने कहा आप देखना जब तक विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं होगा? तब तक वो फूंक-फूंक कर करेंगे शब्दों का इस्तेमाल? वो जानते हैं उड़ता हुआ तीर कोई भी लपक सकता है? इसलिए उन्होंने अब कुछ दिनों के लिए अपना धनुष-बाण दिया है उतार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किपूर्व ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि 1.0 मैडम शर्मा का भी है गजब अंदाज? वो मौके पर चौका मारने का हुनर रखती हैं बेहिसाब? हमने देखा कि मैडम शर्मा थी वर्मा जी के भंडारे में मौजूद? यहां पर नजर आ रहा था एमएलसी दिनेश गोयल का भी वजूद? यहां पर स्मार्ट तरीके से कर दी मैडम ने अपने विधानसभा वाली दावेदारी पेश? कहा मैं ब्राह्मण समाज से आती हूं और महिला कोटे से है मेरा फेस? ऐसे में मेरा भी मजबूत है दावेदारी में किरदार? मुझे भरोसा है पार्टी पर कि वो करेगी मेरे नाम पर भी विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किमान लो कि भगवा कमांडर का हो जाये विधानसभा वाला टिकट? समझ लो उनके बिहॉफ पर कोई पहुंचेगा त्यागी चेहरा अध्यक्ष पद के निकट? मैं बता रहा हूं अगर ऐसा हुआ तो यहां पर पूरे प्रेम से आयेगा पार्टी के पुराने कार्यकर्ता त्यागी जी का ही नाम? उन्हीं के नाम का सब मिलकर निकालेंगे समाधान? मैं इसलिए कर देना चाहता हूं बाकी त्यागी दावेदारों को आने वाली परिस्थितियां स्पष्ट? वो अभी से सबकुछ जान लें, नहीं तो बाद में होगा उनको कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किनदिया पार की टी 3-सीरीज का भी है अपना ही स्वैग? उन्होंने बनाए हुए हैं अपने ही टैग? तीनों मैम्बर ठाकुर फैसला लेने के बाद तैयार करते हैं किसी प्रोग्राम में जाने और नहीं जाने की भूमिका तैयार? हम देख रहे हैं वसुंधरा जी के एरिया में इस वक्त तमाम पार्टी की बैठकें हो रही हैं? जिसमें नहीं हो रहे हैं इन तीनों के दीदार? पूरी ताकत से टी सीरीज दे रही है अपनी एकता का पैगाम? इसलिए कहां जाना है और कहां नहीं जाना, इसका तीनों मिलकर बनाते हैं प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने किइन्दिरापुरम के ग्रुप पर चल रही थी चर्चाएं तमाम? तभी यहां पर एक कार्यकर्ता ने दिया दर्द-ए-दिल का पैगाम? कहा हमारा तो होता ही नहीं है कोई काम? हमारी समस्या का होता नहीं है समाधान? हमने देखा ये शब्द सुनकर तुरंत भगवा कमांडर ने लिया ग्रुप पर अवतार? कहा आप परेशान मत हो, आप अपने काम का लेकर आओ हमारे पास विचार? सुना है वर्मा कार्यकर्ता ने कर ली है पार्टी कार्यालय जाकर अध्यक्ष जी से मुलाकात? अब समस्या का समाधान निकला है या नहीं? इसका खुलासा अगले प्रश्न में कर देंगे साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां चुनावी जंग से पहले ही होने लगी है इंटरनल जंग? क्या डाक बंगले में भी हो गया चुगली वाला सीन? क्या किसी दावेदार के हिमायती ने रख दी कोई बड़ी बात? सुना है पूनिया जी ने कह दिया आप केवल अपना विषय रखो हमारे पास? ये समय एकजुट होकर लड़ने का है और आपको ऐसे में करनी चाहिए केवल कांग्रेस की जीत की बात?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने पुलिस को लिखा पत्र, संदिग्ध युवाओं की हो जांच



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड नंबर 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने दो लोगों के खिलाफ रैकी करने की शिकायत लिंक रोड थाने में दी। साहिबाबाद वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने थाना लिंक रोड में लिखित शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने दो अज्ञात लोगों पर ऑफिस की रैकी करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। भूपेंद्र उपाध्याय ने शिकायती पत्र में बताया की 31 अगस्त शाम 7 बजे के करीब जब वह ऑफिस में नहीं थे। तो दो लड़के कुर्ता-पजामा पहने हेलमेट लगा कर आए और ऑफिस में मेरी कुर्सी की तरफ देखकर वापस चले गए। ऑफिस में बैठे जब लड़के ने उनसे कारण पूछा तो वह बिना बताए नीचे खड़ी स्कूटी लेकर भागने लगे। उस दौरान उनकी स्कूटी एक टेबल से टकराई लड़कों ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग गए।

पार्षद ने थाना लिंक रोड पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देते हुए एक वीडियो भी उपलब्ध कराया। पुलिस ने पार्षद की शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया।

# सांसद तनुज पुनिया ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश व जिलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पर्यवेक्षक सांसद तनुज पुनिया ने रविवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस गाजियाबाद में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश व जिलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव, सुशांत गोयल व उनके साथी, पूर्व एमएलए के के शर्मा, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, नरेंद्र भारद्वाज, लोकेश चौधरी आदि वरिष्ठ लोगों ने पर्यवेक्षक तनुज पुनिया से मुलाकात की। लगभग 11 लोगों के बायोडाटा उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक को प्राप्त हुए। कार्यकर्ताओं से मिलने के पश्चात तनुज पुनिया ने अमित कुमार बंटी के पिताजी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। लक्ष्मण जाटव के भतीजे की मृत्यु की सूचना मिलने पर उनके घर वालों से मिले। साथ ही जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेसी युवा अमित कुमार बंटी के पिताजी व लक्ष्मण जाटव के भतीजे के स्वर्गवास होने पर उनके आवास पर मिलकर परिवार के साथ संवेदना व्यक्त कीं। पूनिया ने कहा कांग्रेस पार्टी का एक-एक बच्चा आपके साथ है और हमेशा रहेगा साथ में जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी कांग्रेस प्रवक्ता अजय वर्मा, प्रदेश सचिव पंकज तेजानिया, महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, सूर्यकांत, जिला अध्यक्ष सलीम सैफी अध्यक्ष ऑफिस सैफी, संदीप कुशवाह, वीर सिंह जाटव, मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता, अमित कुमार बंटी जी आदि कांग्रेस और मौजूद रहे।

## बिल्डर क्रेता अनुबंध के दायरे से बाहर जाने पर लोगों का फूटा गुस्सा

# राइज ऑर्गेनिक होम्स, बम्हेटा के निवासियों और खरीदारों ने राइज प्रोजेक्ट्स के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राइज ऑर्गेनिक होम्स, बम्हेटा गाजियाबाद के खरीदारों और निवासियों ने राइज प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कार्रवाई के खिलाफ सोसायटी गेट और बिल्डर के बिक्री कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों और खरीदारों ने कहा कि बिल्डर क्रेता अनुबंध के अनुसार पूरा भुगतान करने के बाद, राइज ग्रुप फ्लैट का कब्जा देने के लिए लाखों रुपये अतिरिक्त मांग रहा है। बिल्डर की अवैध और मनमानी मांग के आगे झुकने वाले खरीदारों को महीनों से कब्जा नहीं दिया जा रहा है।

इसके अलावा, सोसायटी अभी भी निमार्णाधीन है, आज तक एक भी टावर का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। सोसायटी में हर टावर में निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है, यहां तक कि उन टावरों में भी जिनका अधिभोग प्रमाण पत्र बिल्डर द्वारा प्राप्त किया गया है (जैसा कि बिल्डर ने बताया)। बिल्डर द्वारा वादा किया गया था कि कुछ टावरों का अधिभोग प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है और उसके आधार पर खरीदारों को कब्जा दे दिया गया था, लेकिन उन टावरों में भी जमीन पर निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है। अब बिल्डर ने बिना किसी चर्चा और विचार-विमर्श के एक रखरखाव एजेंसी के माध्यम से 23 अगस्त, 2024 को खरीदारों पर रखरखाव शुल्क लगाने के लिए एक नोटिस जारी किया और 01 सितंबर, 2024 से फ्लैट मालिकों के प्रीपेड बिजली मीटर के माध्यम से उन शुल्कों की कटौती शुरू कर दी। इस तथ्य के बावजूद कि बिल्डर द्वारा अभी तक कोई बुनियादी सुविधाएं प्रदान नहीं की गई हैं। इस तथ्य के बावजूद कि बिल्डर ने पहले ही बिजली कनेक्शन, पाइप्ड कुकिंग गैस कनेक्शन, क्लब हाउस, कॉमन एरिया चार्ज, सिंकिंग फंड और कई अन्य शुल्कों का भुगतान कर दिया है, लेकिन सोसायटी को यूपीपीसीएल कनेक्शन, कुकिंग गैस कनेक्टिविटी, कवर्ड पार्किंग, कॉमन एरिया, क्लब हाउस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मेडिकल सहायता और कई अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की गई हैं इसके अलावा, सोसायटी में अभी तक गेट नहीं लगाया गया है, हाल के दिनों में चोरी की कई घटनाएं हुई हैं।

निवासी बिल्डर के अहंकारी और तानाशाही रवैये के शिकार हैं। बिल्डर द्वारा की जा रही प्रत्येक गतिविधि प्राकृतिक न्याय और निष्पक्षता के कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों का पूरी तरह उल्लंघन करते हुए की जा रही है। निवासियों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित बिल्डर को दिए गए उत्तर की एक प्रति आपके त्वरित संदर्भ के लिए संलग्न है।

# कबाड़ियों की बिना कार्ड के नहीं होगी एंट्री : श्रीभगवान अग्रवाल



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 में आरडब्ल्यूए ने रविवार को पार्षद के साथ बैठक की जिसमें चंद्र नगर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे। लोगों का कहना था कि जिस तरह ब्रिज बिहार में घटना घटी है, ऐसी घटना हमारे क्षेत्र में ना घटे। इसी को लेकर पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने आरडब्ल्यूए व आरएसएस के लोगों के साथ बैठक की लोगों ने कहा वार्ड में बहरी लोगों का प्रवेश बंद किया जाए । इस मौके पर पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा वार्ड के सभी आरडब्ल्यूए कबाड़ियों को आई कार्ड बना कर दें, जिसके पास कार्ड होगा उसी की एंट्री वार्ड में होगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमने कोई भी असामाजिक तत्व नजर आता है, तो 112 पर कॉल करें। चौकी या थाने को सूचित करें, पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने लोगों से कहा कि कई घटना घटी हैं, तो अपने लोगों को बताएं और मिलकर समाधान करें, कहीं विरोध दर्ज करवाना है, तो विरोध दर्ज करवाएं परन्तु धरना प्रदर्शन ना करें। उन्होंने कहा कि बृज विहार जैसी घटना को रोकना है, और हंगामे से बचना है। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। आरडब्ल्यूए संरक्षक रीता सिंह ने कहा वार्ड में कामवाली, कबड्डी, सब्जीवलों को कार्ड बना कर दें और उन्हीं की सोसायटी में एंट्री हो। उन्होंने कहा जो लोग ऊपर की मंजिल पर कूड़ा उठाने आते हैं। आप लोग खुद नीचे आकर गाड़ी में कूड़ा डालें इससे आप ही की सुरक्षा रहेगी। पार्षद ने चंद्र नगर वासियों को विश्वास दिलाया और कहा कि कोई भी किसी तरह का कार्य हो, सुरक्षा संबंधी या विकास संबंधी मैं 24 घंटे आपके लिए उपलब्ध हूं। इस अवसर पर रीटा सिंह, प्रवीण अग्रवाल, राजेश शर्मा, अरविंद, मुकेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष सप्ताह' जोश और उत्साहपूर्ण मनाया गया

## विद्यार्थियों की आकांक्षा चांद के पार जाने की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल में शनिवार को एरो फेडरेशन ऑफ इंडिया और पैराडेफ एरो के आपसी सहयोग के साथ सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष सप्ताह' जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार पांडे रहे। संजय कुमार पांडे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया में वैज्ञानिक (एफ.) सेक्रेटरी ए.आर.डी.ओ. हैं और दूसरे अतिथि के रूप में जोसेफ जो पब्लिक आउटरीच एरो फेडरेशन ऑफ इंडिया के डायरेक्टर हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय की एटीएल लैब में बच्चों द्वारा विभिन्न मॉडल बनाए गए थे जैसे-स्मार्ट बस, स्पेस स्टेशन, सोलर सिस्टम, 3डी प्रिंटर आदि। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने बच्चों मॉडलों की खूब सराहना की। विद्यालय के निदेशक अमिताभ सुकुल ने बच्चों के मॉडलों की सराहना की। प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने कहा कि यह दिन न केवल अतीत की सफलताओं का उत्सव है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने का भी क्षण है। जो हमारे विश्व को आकार देने में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को बढ़ावा देंगे और इसी तरह छात्र पदोन्नति पर अग्रसर रहेंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। कावड़ लाने के बाद अब उदिता त्यागी सोशल मीडिया पर स्नेक दर्शन का संदेश दे रही हैं। वो बता रही हैं कि सांप बहुत प्यारे होते हैं, ये तो आदमी है जो खतरनाक है। उदिता त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# बांग्लादेश में विनाशकारी बाढ़ : मरने वालों की संख्या हुई 59



बांग्लादेश में बाढ़ से करीब 5.4 लाख लोग प्रभावित



भारत से सटे दो जिलों में सबसे ज्यादा मौतें



आश्रय केंद्र में रह रहे हैं करीब चार लाख लोग



**ढाका।** पहले आरक्षण को लेकर हिंसा, फिर सरकार विरोधी प्रदर्शन और राजनीतिक अस्थिरता के बाद अब बांग्लादेश में प्रकृति का कहर देखने को मिल रहा है। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन हुआ, जिनकी देश में राजनीतिक स्थिरता को कायम करना प्रमुख प्राथमिकता थी, लेकिन प्रकृति के तांडव ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।

दो हफ्ते तक बाढ़ ने देश में बरपाया कहर

अंतरिम सरकार की तरफ से जारी किए गए रिपोर्ट के अनुसार देश में बाढ़ से अब तक 59 लोगों, जिसमें छह महिलाएं और 12 बच्चे शामिल है, की मौत हो चुकी है। जबकि इस विनाशकारी बाढ़ की वजह से पांच लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय ने बाढ़ की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि सबसे अधिक मौतें कुमिला और फेनी जिलों में हुई हैं, जो कि भारत के पूर्वोत्तर भाग में त्रिपुरा की सीमा से सटे हैं, जहां क्रमशः 14 और 23 लोगों की मौत हुई है।



सरकार के अनुसार बांग्लादेश के डेल्टा क्षेत्र और ऊपरी भारतीय क्षेत्रों में मानसूनी बारिश से आई बाढ़ ने देश में लगभग दो सप्ताह तक कहर बरपाया, जिसकी वजह से लोगों और सैकड़ों मवेशियों की मौतें हुई। इसकी वजह से लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा और उनकी संपत्ति का नुकसान भी हुआ। बता दें कि बांग्लादेश में करीब 200 नदियां बहती है, जिसमें से 54 नदियां भारत के ऊपरी तटवर्ती इलाकों से होकर गुजरती हैं और चार मुख्य घाटियों में बहती हैं। पिछले हफ्ते बंगाल की खाड़ी में बने एक दबाव के कारण दो घाटियों - उत्तर-पूर्वी मेघना बेसिन और दक्षिण-पश्चिमी चटगांव हिल्स बेसिन - में नदियों में बाढ़ आ गई है। आपदा प्रबंधन एवं राहत मंत्रालय की तरफ से जारी किए गए आंकड़े के अनुसार 54 लाख 57 हजार 702 लोग 11 जिलों के 504 संघों और नगर पालिकाओं में लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। करीब सात लाख लोग अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं, जबकि करीब चार लाख लोग 3,928 आश्रय केंद्रों में रह रहे हैं। वहीं कुल 36,139 मवेशियों को भी आश्रय दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार जैसे-जैसे स्थिति में सुधार हो रहा है, लोग घर लौट रहे हैं, जबकि बाढ़ प्रभावित जिलों में संचार व्यवस्था सामान्य हो गई है।

बांग्लादेश के डेल्टा क्षेत्र में मानसूनी बारिश से आई बाढ़

# बांग्लादेश सुरक्षित नहीं: हिंदू शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए किया जा रहा मजबूर

**ढाका।** भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंसा थमने के बाद भी फिलहाल सबकुछ ठीक नहीं है। हसीना सरकार के पतन के बाद से पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। देश में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदुओं के लिए स्थिति काफी कठिन हो गई है। अब सामने आया है कि बांग्लादेश में अब हिंदू शिक्षकों को अपने पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सामने आया है कि हिंसा बढ़ने और शेख हसीना द्वारा पीएम पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद से अब तक कम से कम 49 अल्पसंख्यक शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया है। इतना ही नहीं कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई शिक्षकों पर हमले भी हुए हैं।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद की एक छात्र शाखा ने इस बारे में जानकारी दी। बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद के समन्वयक साजिब सरकार ने बताया कि अब तक 49 शिक्षकों से जबरन इस्तीफा ले लिया गया है, हालांकि इनमें से 19 शिक्षकों को बाद में दोबारा बहाल कर दिया गया है।




### तस्लीमा नसरीन ने दी प्रतिक्रिया

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति को लेकर निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने प्रतिक्रिया दी है। अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने के लिए उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार पर निशाना साधा।

### हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ ढाका से ह्यूस्टन तक प्रदर्शन

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ ढाका से लेकर अमेरिका के ह्यूस्टन तक प्रदर्शन हो रहे हैं। ढाका में जहां हिंदू समुदाय ने सुरक्षा की मांग की, वहीं ह्यूस्टन में भारतीय अमेरिकी और बांग्लादेशी मूल के हिंदुओं ने अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने बाइडन प्रशासन से अत्याचार रोकने और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों की रक्षा के लिए तत्काल व निर्णायक कार्रवाई करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने कहा, हिंदू समुदायों के खिलाफ हिंसा क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन गई है और अब कार्रवाई करने का समय आ गया है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट देने का समर्थन

## सिंगापुर राजनयिक बोले- ब्रिटेन अपनी सीट छोड़े

**लाओस।** सिंगापुर के एक पूर्व राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सीट देने का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को अब अपनी सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ देनी चाहिए क्योंकि ब्रिटेन अब महान नहीं रहा है।

सिंगापुर के पूर्व राजनयिक किशोर महबूबानी ने संयुक्त राष्ट्र में जरूरी सुधारों पर बात की और कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरा सबसे शक्तिशाली देश है। वहीं ब्रिटेन अब महान देश नहीं रहा है। ऐसे में ब्रिटेन को सुरक्षा परिषद की अपनी स्थायी सीट छोड़ देनी चाहिए।

**'ब्रिटेन को अपनी सीट भारत को दे देनी चाहिए' :** एक मीडिया चैनल से बात करते हुए सिंगापुर के पूर्व राजनयिक ने बताया कि ब्रिटेन को



अपनी सीट क्यों छोड़नी चाहिए, उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ने दशकों से अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल नहीं किया है। ब्रिटेन को डर है कि उसे वीटो पावर इस्तेमाल करने के लिए विरोध झेलना पड़ेगा। ऐसे में ब्रिटेन के लिए तार्किक बात ये है कि वह अपनी सीट भारत को दे दे। पूर्व राजनयिक ने कहा, '20वीं सदी की शुरूआत में राष्ट्र संघ के पतन से (संयुक्त राष्ट्र के संस्थापकों) ने जो सबक सीखा, वह यह है कि यदि कोई महान शक्ति चली जाती है, तो संगठन ध्वस्त हो जाता है।'

महबूबानी ने कहा कि उनका यह भी मानना था कि आपके पास आज की महान शक्तियां होनी चाहिए, कल की महान शक्तियां नहीं। दुर्भाग्य से, संयुक्त राष्ट्र में सीटों को बदलने के लिए कोई तंत्र नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा, 'ब्रिटेन द्वारा अपनी सीट छोड़ने का एक और कारण यह है कि इससे उन्हें स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए स्वतंत्र कर दिया जाएगा।'

### भारत लगातार उठा रहा है संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग

भारत द्वारा भी लगातार संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग उठाई जा रही है। इससे पहले 27 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप-स्थायी प्रतिनिधि, भारत की राजदूत योजना पटेल ने सुरक्षा परिषद के सुधार के लिए अधिक निर्णायक और पारदर्शी दृष्टिकोण अपनाने की अपील की।



# ओ2 एरिना के पास विस्फोट फिल्म शूटिंग के सेट पर हुआ

## पुलिस ने कहा- जनता को कोई खतरा नहीं

**लंदन।** ब्रिटेन के ओ2 एरिना के पास हुए विस्फोट को लेकर पुलिस ने कहा है कि यह विस्फोट फिल्म शूटिंग का हिस्सा है और इससे जनता की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने कहा कि विस्फोट फिल्म शूटिंग में तय फिल्मांकन का हिस्सा था। नन्यूहैम पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, 'हमें ग्रीनविच में ओ2 के आसपास विस्फोटों की रिपोर्ट के बारे में पता है। यह कैनिंग टाउन ए16 क्षेत्र में पहले से तय फिल्मांकन कार्यक्रम का हिस्सा था। जनता को कोई खतरा नहीं है।'

वहीं लंदन फायर ब्रिगेड का कहना है कि सिल्वरटाउन में आग एक नियंत्रित विस्फोट से लगी थी, जो नियंत्रण से बाहर हो गई। सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में अग्निशमन विभाग ने लिखा कि 'सिल्वरटाउन में आग एक फिल्म सेट पर एक नियंत्रित विस्फोट के बाद लगी, जो नियंत्रण से बाहर हो गई। अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने के लिए तेजी से काम किया, जो अब नियंत्रण में है।' एक अन्य पोस्ट में, फायर ब्रिगेड ने नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और कहा, 'आग से एक वैन नष्ट हो गई और अधिकांश कार और लॉरी आग से क्षतिग्रस्त हो गईं। फिलहाल किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।' पोस्ट में आगे कहा गया, 'सिल्वरटाउन में डॉक रोड पर एक खुले मैदान में लगी आग पर चार दमकल गाड़ियों और करीब 25 दमकलकर्मियों ने काबू पाया।




अग्निशमन विभाग ने बताया आग नियंत्रण से बाहर हो गई थी

# भारतीय दूतावास ने साइबर स्कैम में फंसे 47 भारतीयों को बचाया

### लाओस के गोल्डन ट्राइंगल SEZ में फंसे थे सभी लोग



**लाओस।** लाओस में भारतीय दूतावास ने 47 भारतीयों को साइबर स्कैम केंद्र के चंगुल से बचा लिया है। दूतावास के अनुसार यह मिशन, जो विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए दूतावास की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, लाओस में स्थानीय प्राधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में क्रियान्वित किया गया। जानकारी के मुताबिक ये स्थिति तब सामने आई जब लाओस अधिकारियों ने गोल्डन ट्राइंगल विशेष आर्थिक क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई के दौरान 29 भारतीयों को दूतावास को सौंपा। बाकी 18 व्यक्तियों ने खुद से दूतावास से संपर्क किया, संकट व्यक्त किया और अपनी दुर्दशा से बचने के लिए सहायता मांगी।

**गोल्डन ट्राइंगल अवैध गतिविधियों के लिए हैं बदनाम :** थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की सीमाओं के पास मौजूद गोल्डन ट्राइंगल विशेष आर्थिक क्षेत्र ने साइबर स्कैम समेत अवैध गतिविधियों के केंद्र के रूप में बदनाम है। जो अनजान व्यक्तियों को निशाना बनाते हैं। वहीं भारतीयों के बचाव की सुविधा के लिए, दूतावास के अधिकारी विएंतियाने से बोकेओ गए और इन व्यक्तियों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों से सीधे संपर्क किया। दूतावास ने बचाए गए नागरिकों के लिए बोकेओ से वियनतियाने तक लाने की व्यवस्था की और उनके पहुंचने पर उन्हें रहने और खाने की व्यवस्था उपलब्ध कराई।

**राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने सभी से की मुलाकात :** वहीं वियनतियाने में भारतीय लोगों के पहुंचने पर, लाओस में भारत के राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने उनसे मुलाकात की। राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने बचाए गए व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उन्हें आगे के लिए सलाह दी। इन व्यक्तियों को भारत वापस लाने की सुविधा के लिए दूतावास ने लाओस अधिकारियों के साथ सभी जरुरी कामों को पहले ही पूरा कर लिया है।

# शर्मनाक: भारतीय छात्रा से ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में किया गया नस्ली बर्ताव

## शिकायतों पर भी कार्रवाई न करने के आरोप

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में नस्ली बर्ताव का शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। तमिलनाडु की लक्ष्मी बालाकृष्णन का आरोप है कि विश्वविद्यालय में की गई अपीलों और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। लक्ष्मी ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की तरफ से पीएडी थीसिस रोकने पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। खबरों के मुताबिक छात्रा ने नौकरी की उम्मीदें धूमिल होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दो श्वेत छात्रों को मंजूरी देने का फैसला नस्लीय पूर्वाग्रह से प्रेरित है। गौरतलब है कि लगभग एक साल पहले, सितंबर 2023 में भी तत्कालीन छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि सामंत ने भी नस्ली बर्ताव के अनुभव साझा किए थे।



**पीएचडी थीसिस रोकने पर कानूनी कार्रवाई शुरू की :** लक्ष्मी बालाकृष्णन ने कहा, वह अंग्रेजी संकाय में शेक्सपियर पर पीएचडी करने के लिए अक्तूबर 2018 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आई थी। नवंबर, 2021 में एक आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया (जिसे शोध के चौथे वर्ष में स्थिति की पुष्टि के रूप में जाना जाता है) में मूल्यांकनकताओं ने यह तर्क देकर मुझे असफल करार दिया कि शेक्सपियर के पास डॉक्टरेट स्तर के अध्ययन की गुंजाइश नहीं है। लक्ष्मी का आरोप है कि विश्वविद्यालय का फैसला 'अनुबंध का उल्लंघन' है। उन्होंने कहा, आवेदन के वक्त ही वे स्पष्ट कर चुकी थीं कि पीएचडी थीसिस शेक्सपियर पर होगी। बकौल लक्ष्मी, विवि के आपत्तिजनक फैसले के खिलाफ अपीलों-शिकायतों की प्रक्रिया का पालन करने के बावजूद उन्हें निराशा ही हाथ लगी। बाध्य होकर उन्हें कानूनी कार्रवाई शुरू करनी पड़ी है।

# पाकिस्तान में तेजी से फैल रहा है एमपॉक्स, मरीजों की संख्या बढ़कर हुई पांच

**कराची।** पाकिस्तान में एमपॉक्स का एक और मरीज पाया गया है। जिससे एमपॉक्स मरीजों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

अधिकारियों ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि कराची में एक हवाई यात्री में वायरस की पुष्टि हो हुई है। जबकि पेशावर में एक और संदिग्ध मरीज मिला है। उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक डॉ. इरशाद अली ने कहा कि हवाई अड्डे पर चिकित्सा कर्मियों ने गुरुवार को जेद्दा से लौट रहे दो यात्रियों में एमपॉक्स के लक्षण पाए और उनमें से केवल एक के एमपॉक्स होने की पुष्टि की गई।

पुष्टि किए गए मामले में ओरकजई का एक 51 वर्षीय व्यक्ति शामिल है, जिसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे इलाज के लिए पुलिस और सेवा अस्पताल पेशावर में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस बीच, एक 32 वर्षीय व्यक्ति को मंकीपॉक्स के लक्षणों के बाद कराची के निर्दिष्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे यह एक संदिग्ध मामला बन गया। अधिकारियों ने कहा, अब तक कोई स्थानीय रूप से प्रसारित मामला दर्ज नहीं किया गया है।

पाकिस्तान में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) वायरस का नया मामला सामने आने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। सरकार ने वायरस से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है। इसके साथ ही सरकार ने सभी हवाई अड्डों और देश के प्रवेश द्वारों पर निगरानी बढ़ा दी है। वहीं, लोगों से आह्वान किया है कि वह मंकीपॉक्स के फैलने के बारे में चिंता न करें।

## प्रभावित देशों में टीका आपूर्ति के लिए यूनिसेफ की आपातकालीन निविदा




यूनिसेफ ने मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) टीकों की खरीद के लिए एक आपातकालीन निविदा जारी करने की घोषणा की है। एमपॉक्स के प्रकोप को रोकने में टीकों को महत्वपूर्ण माना जाता है। यूनिसेफ टेंडर का लक्ष्य अफ्रीका सीडीसी, गावी, वैक्सीन एलायंस, डब्ल्यूएचओ, पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन और अन्य भागीदारों के सहयोग से सबसे अधिक प्रभावित देशों के लिए एमपॉक्स टीके सुरक्षित करना है। इस संयुक्त प्रयास में एमपीओएक्स के चल रहे प्रसारण को रोकने में मदद करने के लिए उच्च आय वाले देशों में मौजूदा भंडार से वैक्सीन दान की सुविधा शामिल है।

मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें: अहमद

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. मुख्तार अहमद ने जनता से अपील की है कि यदि उनके परिवार में किसी व्यक्ति को यात्रा के बाद मंकीपॉक्स के लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो वह घर के अन्य लोगों से अलग रहें। उन्होंने कहा कि मंकीपॉक्स के कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क कर परामर्श लें और चिकित्सक के निदेशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लक्षण दिखने में 10 से 15 दिन लग सकते हैं। वहीं, मरीज के साथ बहुत अधिक समय बिताने से संक्रमण फैल सकता है। बेहतर होगा कि मरीज को क्वारंटाइन कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि बुखार की दवाओं का इस्तेमाल एमपॉक्स के लिए किया जाता है।




# भूमि पूजन के साथ ही शुरू हुई श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर की तैयारियां












## इस बार की रामलीला को और भी ज्यादा भव्य व आकर्षक बनाया जाएगा : ललित जायसवाल

### 28 सितंबर को गणेश शोभा यात्रा से रामलीला का शुभारंभ होगा: भूपेंद्र चोपड़ा




### समिति के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद ही नहीं उत्तर प्रदेश की प्रमुख रामलीला के रूप में अपनी पहचान बना चुकी श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर की रामलीला का श्रीगणेश इस बार 28 सितंबर से होगा। रामलीला के लिए रविवार को कविनगर के रामलीला मैदान में भूमि पूजन हुआ, जिसमें शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। भूमि पूजन विधि-विधान से भगवान राम के जयकारों से किया गया। इसी के साथ रामलीला को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गईं। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल व महामंत्री चोपड़ा ने बताया कि इस बार की रामलीला को और भी भव्य व आकर्षक बनाया जा रहा है।

रामलीला 28 सितंबर से शुरू होगी और पहले दिन गणेश शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें 50 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। भूमि पूजन में आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा, सांसद अतुल गर्ग, प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, विधायक अजीत पाल त्यागी, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, महामंत्री पप्पू पहलवान, भाजपा नेता ब्रजपाल तेवतिया, एसीपी रितेश त्रिपाठी, एसीपी प्रियाश्री, वीके अग्रवाल, बीके शर्मा हनुमान, देवेंद्र हितकारी, अजय जैन, गुलशन बजाज, नवेंदु सक्सेना, आनंद गर्ग, तरुण चट्टानी, दिवाकर सिंघल, मुकेश सिंघल, दिव्यांशु सिंघल समेत हजारों राम भक्त शामिल हुए। श्री धार्मिक रामलीला समिति के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। भूमि पूजन के बाद भोजन प्रसाद की व्यवस्था थी। श्री धार्मिक रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने ही अतिथियों को स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण कराया। समिति के पदाधिकारियों के आतिथ्य व व्यवस्था की सभी ने सराहना की।





























